संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -325 गुरुवार ,26 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


## देश की संक्षिप्त खबरें

### बदलापुर एनकाउंटरः हाईकोर्ट ने पुलिस से पूछे तीखे सवाल,पिता पहुंचे हैं एचसी



**मुंबई,25 सितम्बर 2024(ए)।** महाराष्ट्र के बदलापुर एनकाउंटर पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस से तीखे सवाल पूछे हैं। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूछा है कि आरोपी के सिर पर गोली कैसे लगी, जबकि पुलिस को इसकी ट्रेनिंग दी जाती है कि गोली कहां चलानी है। कोर्ट ने आगे कहा कि उन्हें (पुलिस) हाथ या पैर में गोली चलानी चाहिए थी. सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की बेंच ने कहा,पीछे चार पुलिसवाले थे,फिर कैसे संभव है कि वे एक कमजोर आदमी को काबू न कर पाएं, वह भी गाड़ी के पिछले हिस्से में। आरोपी के आगे दो पुलिसवाले और बगल में दो पुलिसवाले थे।जस्टिस चव्हाण ने सुनवाई के दौरान कहा,पिस्टल पर फिंगर प्रिंट होने चाहिए और हैंड वॉश होना चाहिए. क्या यह हो गया? अगली तारीख पर सब कुछ पेश कीजिए. आपके मुताबिक उसने 3 फायर किए लेकिन सिर्फ 1 ही लगा. बाकी 2 कहां हैं? क्या यह पुलिसकर्मी पर सीधा फायर था या रिकोशे फायरिंग?

### जज बोले-कलयुग आ गया




#### जब 80 साल के बुजुर्ग दंपति की लड़ाई हाई कोर्ट पहुंची

**अलीगढ़,25 सितम्बर 2024(ए)।** अलीगढ़ के मुनेश कुमार गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने कहा कि यह कानूनी लड़ाई चिंता का विषय है। मुनेश की पत्नी ने उनसे गुजारा भत्ता मांगने के लिए अदालत में याचिका दी थी, जिस पर पारिवारिक अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। जब यह मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचा, तो जज भी हैरान रह गए। दंपति की उम्र 75 से 80 साल के बीच है, और इस उम्र में पत्नी ने पति से गुजारा भत्ता पाने के लिए अदालत में अर्जी दी है। जज ने दंपति को सलाह दी कि वे आपसी सुलह करें और इस तरह की मुकदमेबाजी से बचें। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि कलयुग आ गया है।

मुनेश ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने पत्नी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगली सुनवाई तक दंपति किसी समझौते पर पहुंच जाएंगे। बुजुर्ग मुनेश कुमार गुप्ता ने यह याचिका सीआरपीसी की धारा 125 के तहत फैमिली कोर्ट के आदेश की वैधता को चुनौती देने के लिए दाखिल की है।

### तमिलनाडु राज्य में बड़े फेरबदल के आसार



#### मुख्यमंत्री के सुपुत्र बनेंगे डिप्टी सीएम?

**चेन्नई, 25 सितम्बर 2024(ए)।** तमिलनाडु की द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम सरकार में बड़े फेरबदल की संभावना बढ़ गई है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस बारे में संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि किन विभागों में बदलाव होंगे। अटकलें हैं कि उनके बेटे और खेल मंत्री, उदयनिधि स्टालिन को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। मुख्यमंत्री ने त्रकारों से बात करते हुए कहा, कोई निराशा नहीं होगी, बदलाव होगा, जब उनसे मंत्रिमंडल में फेरबदल और उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाओं के बारे में पूछा गया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार उत्तरपूर्व मॉनसून से निपटने के लिए तैयार है, और मुख्य सचिव पहले ही अधिकारियों के साथ चर्चा कर चुके हैं।

विपक्ष द्वारा उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान किए गए निवेश पर श्वेत पत्र लाने की मांग पर स्टालिन ने कहा कि उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने पहले ही एक बयान दिया है, जो अपने आप में एक श्वेत पत्र है।

# दूसरे चरण में 56 प्रतिशत मतदान रहा

- 2014 की तुलना में 4 प्रतिशत कम रहा...
- श्रीनगर में सबसे कम 27 प्रतिशत...
- रियासी 72 प्रतिशत के साथ टॉप पर...

**श्रीनगर,25 सितम्बर 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर बुधवार, 25 सितंबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग के रात 9 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, इन सीटों पर 56 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 4 प्रतिशत कम है। 2014 में इन सीटों पर 60 प्रशित मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर चीफ इलेक्शन ऑफिसर पीके पोल ने बताया कि मतदान प्रतिशत में बदलाव हो सकता है। क्योंकि कुछ पोलिंग बूथ पर शाम 6 बजकर 45 मिनट तक मतदान हुआ। 25.78 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे ज्यादा रियासी में 72.81 प्रतिशत, जबकि श्रीनगर में सबसे कम 27.37 प्रतिशत वोट पड़े। सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं हैं। 18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ। किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.20 प्रतिशत और पुलवामा में सबसे कम 46.99 प्रतिशत वोटिंग हुई।

महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को जम्मू में रोड शो किया। पार्टी ने जम्मू पूर्व विधानसभा सीट से आदित्य गुप्ता को टिकट दिया है।

भाजपा ने यहां से युद्धवीर सेठी और कांग्रेस ने योगेश साहनी को उतारा है। जम्मू में 1 अक्टूबर को वोटिंग है।

### राहुल बोले- जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले, मोदी पर दबाव डालेंगे

राहुल गांधी ने बारामूला के सोपोर में एक जनसभा में कहा कि हम चाहते हैं कि इस चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का स्टेटहुड (राज्य का दर्जा) वापस दिया जाए। जम्मू-कश्मीर के सभी लोग यही चाहते थे। पहले राज्य का दर्जा दिया जाता, फिर चुनाव होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, ठीक है। अब पहला कदम चुनाव है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही पड़ेगा।

अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा (जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा) नहीं करेंगे तो हम उन पर संसद में दबाव डालेंगे। अगर मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं देती तो केंद्र में ढ्ढह्रष्ठढ्ढ ब्लॉक की सरकार बनने पर आपको स्टेटहुड दिया जाएगा। अगर आपको अपने सेब को अमेरिका, जापान भेजना है कि सबसे पहले स्टेटहुड देना होगा।

### रवनीत बिट्टू बोले-आज उमर अब्दुल्ला भी राहुल से खुश नहीं

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, आज उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनका गठबंधन उनसे (राहुल गांधी) खुश नहीं है। राहुल गांधी ने न तो जम्मू में प्रचार किया और न ही कांग्रेस को दी गई सीटों पर पहुंचे। वह वहां नहीं गए जहां उन्हें जाना था, बल्कि यहां (कश्मीर) घाटी की ठंडी हवा का आनंद लेने पहुंचे हैं, जहां उनके पास कोई उम्मीदवार भी नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने आज राहुल गांधी को खारिज कर दिया है।




### चुनाव आयुक्त बोले-जहां बहिष्कार के आह्वान होते थे,वहां जमकर मतदान हो रहा

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा- लोग बड़ी संख्या में वोट करने आ रहे हैं। यह इतिहास बन रहा है। हमें बहुत खुशी है कि पूरी घाटी और जम्मू में उत्साह के साथ मतदान हो रहा है। हर जगह लोग वोट देने के लिए निकल रहे हैं, यहां तक कि उन क्षेत्रों में भी, जहां बहिष्कार के आह्वान होते थे। मतदाताओं में उत्साह है। यह दुनिया को देखना है कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से चुनाव कैसे हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव देखने के लिए क्षेत्र में बड़ी संख्या में राजनयिक भी मौजूद हैं।

### रियासी में हुई जमकर वोटिंग

जम्मू-कश्मीर में दूसरे फेज की वोटिंग जारी है। 63 प्रतिशत वोट के साथ रियासी टॉप पर चल रहा है। पोलिंग बूथों पर लोगों की कतारें लगी हुई हैं। भाजपा ने यहां से कुलदीप दुबे, कांग्रेस ने मुमताज अहमद और पीडीपी ने बोधराज को टिकट दिया है।

### पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों में भी वोटिंग को लेकर उत्साह

जम्मू-कश्मीर में आज दूसरे चरण की वोटिंग चल रही है। राजौरी जिले में पाकिस्तान से सटा इंटरनेशनल बॉर्डर है। यहां नौशेरा सीट के मकरी और सेहर गांवों में भी लोग खेतों से होकर वोट डालने पहुंचे।

### बिना पर्ची के वोट डालने पहुंचा युवक

रिटर्निंग ऑफिसर 27-बडगाम, अफरोजा ने बताया कि एक वोटर वोट डालने आया था, लेकिन उसने कहा कि उसका वोट पहले ही डाला जा चुका है। मैंने जांच की तो उसका आरोप गलत पाया गया। उसके पास मतदाता पर्ची नहीं थी। उससे कुछ पहचान दिखाने का अनुरोध किया गया। बाद में उसे मतदाता पर्ची मिल गई, जिसके बाद उसने वोट डाला।

### अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ वोट डाला

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, उनके बेटे उमर अब्दुल्ला और उमर के बेटों जहीर और जमीर एक साथ वोट डालने पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने उंगली पर लगी स्याही भी दिखाई।

### फॉरेन डेलीगेशन चुनाव देखने आया

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव देखने के लिए विभिन्न देशों के डिप्लोमेट्स का डेलीगेशन श्रीनगर के बेमिना इलाके के एक मतदान केंद्र पर पहुंचा।

# ट्रक-ऑटो की टक्कर में अब तक 9 लोगों की मौत

- एक साथ उठी अर्थियां,आंखों से नहीं रुक रहे थे आंसू


**दमोह,25 सितम्बर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के दमोह जिला अंतर्गत दमोह-कटनी स्टेट हाईवे पर ट्रक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 4 बच्चे, 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जबकि, इलाज के दौरान एक बच्चे ने बुधवार को दम तोड़ दिया। मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रेक ने सवारियों से भरी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सात लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को मौत का आंकड़ा 7 से बढ़कर 9 हो चुका है।

बताया जा रहा है कि ऑटो में 10 यात्री सवार थे। सभी लोग बांदकपुर धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच शराब के नशे में धुत ट्रक डाइवर ने ऑटो को टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लगातार उससे पूछताछ कर रही है। सभी मृतकों का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए सहायता राशि देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷दमोह जिले अंतर्गत दमोह-





कटनी स्टेट हाईवे पर ट्रक और ऑटो की टक्कर में कई अनमोल जिंदगियों की मृत्यु के दुखद समाचार से मन व्यथित है। इस भीषण सड़क हादसे में लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे लिखा, ÷परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए एवं घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। दुःख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।



# कर्नाटक सीएम को बड़ा झटका

- कोर्ट ने लोकायुक्त को सौंपी जांच...
- तीन महीने में देनी होगी रिपोर्ट...

**बेंगलुरू,25 सितम्बर 2024 (ए)।** हाईकोर्ट के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को बुधवार को एमपी/एमएलए कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण घोटाला में सीएम सिद्दरमैया के खिलाफ लोकायुक्त जांच की मंजूरी दी है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने मामले की जांच मैसूर जिले के लोकायुक्त अधीक्षक को सौंपी है। उन्हें तीन महीने यानी 24 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।



# अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को दी हत्या की गंभीर चेतावनी

**नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2024(ए)।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान से उनकी जान को होने वाले वास्तविक और विशिष्ट खतरे के बारे में सूचित किया है, जिसका उद्देश्य देश में अराजकता फैलाना है। ट्रंप की चुनावी अभियान के संचार निदेशक स्टीवन च्यांग ने मंगलवार रात कहा था कि आज सुबह राष्ट्रपति ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय की ओर से ईरान से उन्हें हत्या के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। खुफिया अधिकारियों ने इन लगातार और समन्वित हमलों की पहचान की है, जो पिछले कुछ महीनों में बढ़े हैं। सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियां डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा सुनिश्चित करने और नवंबर के चुनावों में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से बचने के लिए काम कर रही हैं।

ट्रंप पर पहला असफल हत्या का प्रयास 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान हुआ था, जब एक गोली उनके कान के पास से गुजरी थी। दूसरा प्रयास 15 सितंबर को फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में हुआ। 58 वर्षीय रायन वेस्ली रुथ, जो गोल्फ कोर्स के बाहर बंदूक के साथ देखा गया था, उसे मंगलवार को एक प्रमुख राष्ट्रपति उम्मीदवार की हत्या के प्रयास के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाया गया। स्टीवन च्यांग ने कहा कि कोई गलती न करें, ईरान का आतंकवादी शासन कमला हैरिस की कमजोरी को पसंद करता है और राष्ट्रपति ट्रंप की ताकत और संकल्प से टेरिफाइड है। वह अमेरिकी लोगों के लिए लड़ने और अमेरिका को महान बनाने में किसी भी चीज़ को अपने रास्ते में आने नहीं देंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होने जा रहे हैं, जिसमें ट्रंप का सामना डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से होगा।

# ये सोशल मीडिया का दौर है,सावधान रहें...

- पाकिस्तान वाली टिप्पणी पर सीजेआई ने लगाई जज की क्लास

**नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश वी. श्रीशानंद की बेंगलुरु के एक क्षेत्र को पाकिस्तान कहने की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते क्योंकि ये मूल रूप से राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों को सुनवाई के दौरान टिप्पणी करने में सावधान रहने की नसीहत दी। हालांकि जस्टिस श्रीशानंद द्वारा अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग लिए जाने को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वत~ संज्ञान लेकर शुरू की गई सुनवाई आगे न बढ़ाते हुए कार्यवाही बंद कर दी।



# ट्रैक के बीच खड़े किए पटरी के टुकड़े से टकराई ट्रेन

### गुजरात में हादसा या साजिश...

**गांधीनगर, 25 सितम्बर 2024(ए)।** गुजरात बोटाड में बुधवार को एक पैसेंजर ट्रेन पटरी के बीच में खड़ी की गई लोहे की पुरानी पटरी से टकरा गई। आशंका है कि इस किसी ने तोडफ़ोड़ की नीयत से लगाया था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेन को कई घंटों तक वहीं रुकना पड़ा। बोटाद के पुलिस अधीक्षक किशोर बलोलिया ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा- बोटाद जिले के रानपुर पुलिस थाना क्षेत्र से गुजर रही ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन (19210) तड़के करीब तीन बजे सीमेंट के स्लीपरों के बगल में पटरी पर रखे चार फुट लंबे पुराने रेल के टुकड़े से टकरा गई।



पुलिस अधीक्षक ने कहा- ट्रेन पटरी के बीच में खड़ी की गई लोहे की पटरी से टकरा गई। इसके बाद इसको कई घंटों तक वहीं रोक दिया गया। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की गई। यह घटना कुंडली रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर दूर हुई। घटना की जांच कर रही पुलिस के अनुसार, यह तोडफ़ोड़ या नुकसान पहुंचाने की कोशिश का मामला लगता है, लेकिन जांच जारी है। यह घटना ऐसे वक्त में सामने आई है जब बीते सोमवार को ही सूरत जिले में तीन रेलवे कर्मचारियों को कथित तौर पर ट्रैक से छेड़छाड़ करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

संपादकीय

## पांच नवंबर को जाहिर होगा

शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई,जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है। हैरिस ने खुद को प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों प्रमुख उम्मीदवारों की बहस में कौन जीता, इस बारे में राय बंटी हुई है। लिबरल मीडिया पर नजर डालें, तो वहां इस पर लेकर शक नहीं है कि कमला हैरिस भारी पड़ीं। लेकिन कंजरवेटिव खेमे में उलटी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। दोनों उम्मीदवारों ने बहस के लिए वे मुद्दे उठाए, जिन पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण से उन्होंने उम्मीद जोड़ी हुई है। मसलन,हैरिस ने गर्भपात के अधिकार पर जोर दिया,तो ट्रंप ने गैर-कानूनी आव्रजकों से अमेरिका के लोगों को पैदा हुए कथित खतरों का जिक्र किया।फैक्ट चेकर्स ने ट्रंप के कई दावों को गलत साबित किया, लेकिन कंजरवेटिव खेमे में इससे उलटी प्रतिक्रिया हुई। वहां यह शिकायत देखी गई कि फैक्ट चेकर्स ने हैरिस के प्रति पक्षपात किया। उनके कथित गलत दावों की पोल उन्होंने लगे हाथ नहीं खोली। एक ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल में यही सबसे बड़ी मुश्किल होती है। उसमें हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया बंटी हुई होती है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि ट्रंप अपने दावों और आक्रामक अंदाज से अपने समर्थकों के ध्रुवीकरण को किस हद तक मजबूत करने में सफल हुए।कमला हैरिस और डॉनल्ड ट्रंप इस बहस से पहले यह कभी नहीं मिले थे। तो बहस शुरू होने से पहले हैरिस ट्रंप के पास गईं और मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया। विश्लेषकों के मुताबिक इस कदम के साथ ही हैरिस ने बहस में बढ़त हासिल कर ली, क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप उनके रंग, नस्ल और लिंग को लेकर तीखी और कड़वी टिप्पणियां करते रहे हैं। शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई, जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है।हैरिस ने बहस के दौरान खुद को भविष्य की ओर देखने वाली एक प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे को उठाया और अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो महाशक्ति के रूप अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। कुल मिलाकर दोनों उम्मीदवार अपनी ताकत पर खेले। इसका क्या असर हुआ, यह पांच नवंबर को ही जाहिर होगा।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती...26 सितंबर...पर विशेष

# गरीबों के संरक्षक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्,स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है,जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला था। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई थी और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी।

'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने बैठुने स्कूल की स्थापना की तथा कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे।



समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान् समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है।

ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन् 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह कारनामा भी कर दिखाया था।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान् शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही 'विधवा पुनर्विवाह कानून' पारित हो सका। कानून पारित होने के तीन माह बाद ही उन्होंने एक विधवा कमलादेवी का विवाह प्रतिष्ठित घराने के एक युवक के साथ कराया, जो बंगाल का पहला विधवा विवाह था। 1856-60 के बीच उन्होंने 25 विधवाओं का पुनर्विवाह सम्पन्न कराया। इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान् हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## वन नेशन-वन इलेक्शन ! आपत्ति और औचित्य ?

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा था कि वे देश में लोकसभा और राज्यसभाओं के चुनाव एक साथ करवाएंगे ! इससे श्रम शक्ति, मैन पावर और धन की बचत होगी । आचार संहिता लगने से काम नहीं रुकेंगे ! बात सौ फीसदी ठीक है । 1952 से 1967 तक ऐसा ही होता था विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हुये थे । इसके बाद बीच में ही विधानसभाएं भंग होने के कारण, या गवर्नर रूल लगने के के कारण यह व्यवस्था बिगड़ गई । अब साल भर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं ! प्रश्न गंभीर है और इस पर व्यापक चर्चा की जरूरत है । केन्द्रीय सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति महामहिम कोविंद जी की अध्यक्षता में इस विषय पर विचारार्थ एक समिति बनाई थी । इसमें देश के जाने-माने आठ सदस्य थे । विख्यात विधि वेत्ता साल्वे भी थे । कांग्रेस के तब विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी थे । इस कमेटी ने कई हजार पेज की रिपोर्ट सौंपी है । अब रिपोर्ट पढ़कर ही पता चल सकता है कि इस मसले पर कितने हजार रिपोर्ट की जरूरत क्या थी । आज-कल तो रूलिंग पार्टी के शीर्षस्थ नेता जो बंद कमरे में तय कर लेते हैं उसे लागू कर देते हैं । पर इस देश में दिखावे का चलन है । विशेष उत्सवों पर वधू को, नवजात शिशु को, सम्मान दिए जाने वाले व्यक्ति को लिफाफे दिये जाते हैं । पहले आशीर्वाद दिया जाता था । खैर अब जब मोदी जी ने तय कर लिया है कि इस देश में एक साथ चुनाव होंगे तो इसका इम्प्लीमेंटेशन जरूर सन् 2029 के चुनाव से हो जायेगा ।यह भी कहा गया है कि इससे धन भी बचेगा । यह बात सौ फ़ीसदी ठीक है । परन्तु इस बार पहली सितम्बर को हिमाचल प्रदेश में वहां के कर्मचारियों को उनका वेतन क्यों नहीं मिला? क्योंकर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को अपने वेतन का त्याग करना पड़ा? अरविन्द केजरीवाल ने फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस में यात्रा, फ्री इलाज, फ्री एजुकेशन, फ्री तोहफा की जो प्रथा शुरू की थी, संक्रामक रोग की तरह सभी राज्यों में फैल चुकी है चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो । शुरू में प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसे फ्री बी, या फ्री रेबड़ी कहा था । पर आज भाजपा भी उसी रास्ते पर है । मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1250/- महीने का जेब खर्च दिया और कहा कि यह भाई की ओर से बहन को नेग है । अब सरकारी खर्च से भाई बहन को रक्षाबंधन की गिफ्ट दे रहा है । अब कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, तेलुगु देशम आदि समेत सभी राज्यों ने भी इस प्रथा को चालू कर दिया । अब हरियाणा में भाजपा ने भी अपने घोषणा पत्र में ऐसी ही राशि सभी महिलाओं को देने का वादा किया है । अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वह विकास के कार्यों में बचत कर यह राशि बांट रहे हैं । अरविन्द केजरीवाल का कहना है कि वह रिजर्व बैंक से उधार लेकर यह नहीं बांट रहा है । अब असलियत क्या है, यह तो केन्द्र सरकार ही स्पष्ट कर रही है ।अब कोई भी पार्टी हो, भाजपा समेत सभी तरह-तरह के फ्री वीज़ बांट रहे हैं -- फ्री बिजली, फ्री बस यात्रा, फ्री गिफ्ट लड़कियों को फ्री स्कूटी, फ्री शिक्षा, सब कुछ फ्री है । इन सब राज्यों पर रिजर्व बैंक का कई लाख करोड़ का कर्ज है । कुछ बातें फ्री ठीक हैं जैसे फ्री एजुकेशन,गांव से लड़कियों को शहर में पढ़ने आने पर फ्री बस आदि ।अभी यदि देश एक चुनाव का नारा पैसे बचाने का है तो और भी कई कदम उठाने होंगे । सांसदों औ रविधायकों की पेंशन बंद की जाना चाहिए। उनकी परिवार सहित फ्री यात्रा, फ्री हवाई सफर बंद होना चाहिये । उद्घाटन समारोह बन्द होने चाहिए । जब प्रधानमंत्री कोई उद्घाटन करते हैं तो साज सजावट और उनकी सुरक्षा पर कई करोड़ खर्च हो जाते हैं । आखिर अफसर की कुर्सी के पीछे तौलिया का क्या औचित्य है । अब तो पसीना आता ही नहीं, ए.सी. चलता है । अनेक मामले हैं जहां टैक्स पेयर का पैसा बर्बाद हो रहा है । इतने बड़े सेक्रेटेरिएट की क्या जरूरत है । मंत्रियों की जिलों की यात्रा पर होने वाला टी.ए., डी.ए. का क्या औचित्य है । असल में भारत में खर्च का ऑडिट जरूरी है ।




-अजय दीक्षित-

# गैस को हरित बनाने की प्रक्रिया के लाभ

भारत सरकार संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकोसिस्टम के विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। इस क्षेत्र के लिए घोषित लक्ष्य है...प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी का उत्पादन। यह पहल, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन प्रणाली के एक स्थायी विकल्प स्थापित करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन, संभावित लाभों की विस्तृत श्रृंखला अभी उभरनी शुरू हुई है। सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है।सरकार की एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्य, कई योजनाओं और शासनादेशों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पूरे परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बायोमास की खरीद तथा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने के लिए वित्तीय सहायता और सीजीडी संस्थाओं के लिए अनिवार्य सीबीजी मिश्रण दायित्व की योजना की शुरुआत की है। उर्वरक विभाग ने एफओएम के लिए बाजार विकास सहायता की पेशकश की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करता है। इसी तरह राज्य सरकारें भी रियायती पट्टे दरों पर भूमि, कच्चे माल की खरीद पर सब्सिडी, एकल खिड़की मंजूरी, भूमि आवंटन में प्राथमिकता, जैसे विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन कर रही हैं।हालांकि, इकोसिस्टम का राजस्व मॉडल अभी तक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। सभी संभावित राजस्व स्रोत अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाये हैं। एफओएम, जो एक प्रमुख सह-उत्पाद है, से अभी तक राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कार्बन क्रेडिट व्यवस्था पूरी तरह से स्थापित नहीं है। इससे कार्बन क्रेडिट के उत्पादन और मुद्रीकरण के बारे में कुछ अनिश्चितता मौजूद है। सभी राजस्व स्रोतों का गैर-मुद्रीकरण भी उधार देने वाली एजेंसियों के लिए कुछ जोखिम पैदा करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र के विकास को प्रभावित करता है। उत्पादित एफओएम के पूर्ण मुद्रीकरण की कमी के कारण संयंत्रों की व्यावहारिकता सुनिश्चित करने के लिए गैस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वर्तमान में, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित गैस को एकमात्र राजस्व अर्जित करने वाले स्रोत होने का बोझ उठाना पड़ता है। देश के कुछ क्षेत्रों में मांग से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण, गैस का पूरा उठाव प्रभावित होता है। इससे सीबीजी संयंत्र का व्यावहारिक होना और पूरे क्षेत्र का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। गैस, एफओएम के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपलब्ध हरित विशेषताओं या कार्बन क्रेडिट से राजस्व उत्पन्न करना जरूरी है।सीबीजी का उठाव सुनिश्चित करने पर सरकार के विशेष ध्यान के कारण कुल गैस की बिक्री, वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 12,000 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 19,000 टन हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दो महीनों के उठाव के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि इस साल सीबीजी का उठाव दोगुने से अधिक हो जाएगा। हालांकि क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की असमान मांग के कारण गैस के उठाव में चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार ने सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक योजना की शुरुआत की है, ताकि संयंत्र द्वारा उत्पादित गैस का पूर्ण उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। सीबीजी ग्रिड का विकास, क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की कम मांग की समस्या पर ध्यान देगा। सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से सीबीजी तक खुली पहुंच की अनुमति देना भी आवश्यक होगा, ताकि देश भर में वास्तविक मांग केंद्रों तक सीबीजी की आपूर्ति की जा सके। इसके अलावा, जर्मनी जैसे कुछ यूरोपीय देशों की तरह, प्रमुख पाइपलाइनों में सीबीजी की आपूर्ति से राष्ट्रीय गैस खपत वृद्धि में भी मदद मिलेगी।सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है। यह, बदले में, सीबीजी उत्पादकों को दिया जाता है। हालांकि, उत्पादित एफओएम की दो अनूठी विशेषताओं के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सबसे पहले, हालांकि, एफओएम मिट्टी के लिए कार्बन का एक बड़ा स्रोत है, इसकी तुलनात्मक रूप से कम पोषक तत्व सामग्री,इसे किसानों को खरीद और बिक्री के सन्दर्भ में उर्वरक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बनाती है। दूसरी विशेषता है, उत्पाद की नमी की मात्रा, जो भंडारण और परिवहन को थोड़ा मुश्किल बना देती है। इसके अलावा, किसानों के बीच अपने खेतों में कार्बन के इस समृद्ध स्रोत का उपयोग करने में उत्साह की भी कमी दिखाई पड़ती है।भारत और हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान जैसे उत्तरी भारतीय राज्यों की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बहुत कम है। यह मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी में डाले जा रहे रासायनिक उर्वरकों के नाइट्रोजन और फास्फोरस का पूरी तरह से उपयोग करने की मिट्टी की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त बनाने तथा नाइट्रोजन और फास्फोरस के अवशोषण की शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाना आवश्यक है। किसानों को प्रोत्साहित करके उन्हें इस प्रयास में हितधारक बनाना भी महत्वपूर्ण है। एफओएम के प्रभावी उठाव और खपत के लिए, यह इस रूप में मददगार हो सकता है कि सरकार मिट्टी में जमा हर टन जैविक कार्बन के लिए किसानों को बढ़ावा दे। सीबीजी उत्पादक, किसानों तक एफओएम पहुंचाने के लॉजिस्टिक्स हिस्से का ध्यान रख सकते हैं। फिर सीबीजी उत्पादकों द्वारा लॉजिस्टिक्स की लागत और एफओएम की लागत का मुद्रीकरण, उर्वरक कंपनियों को जैविक कार्बन पृथक्करण (ओसीएस) प्रमाणपत्रों की बिक्री के जरिये किया जा सकता है, जिन्हें किसानों को उर्वरक की मिश्रित बिक्री के माध्यम से नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के लिए अनिवार्य किया गया हो। इससे न केवल मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम होने से जुड़ी समस्या हल होगी तथा इस तरह उर्वरक सब्सिडी की आवश्यकता और बजट में कमी आएगी, बल्कि उत्पादित एफओएम का पूरी तरह से मुद्रीकरण करने में भी मदद मिलेगी और साथ ही उर्वरक क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी का मुद्दा भी हल होगा।गैस के मामले में, सरकार सीजीडी संस्थाओं के लिए मिश्रण दायित्व लेकर आई है, जिसमें नवीकरणीय गैस प्रमाणपत्र (आरजीसी) जारी करने का प्रावधान भी शामिल है। यह नियामक को इन आरजीसी के प्रभावी मुद्रीकरण के लिए एक व्यवस्था तैयार करने का भी प्रावधान करता है। इसके साथ ही, भारत विश्व जैव ईंधन गठबंधन को आगे बढ़ाने के लिए भागीदार देशों के साथ काम कर रहा है। भारत में उत्पादित आरजीसी के लिए एक पारस्परिक मान्यता व्यवस्था, इन प्रमाणपत्रों के निर्यात और इसके मुद्रीकरण को सक्षम करने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, भारत से जैव ईंधन के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हैं, लेकिन यही बात जैव ईंधन से जुड़ी हरित विशेषताओं पर लागू नहीं होती। हरित विशेषताओं के लिए उपयुक्त मूल्य, गैस के हिस्से को अन्य गैसों- घरेलू गैस/एलएनजी, आदि जो बाजार में उपलब्ध हैं, के मुकाबले उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी रूप से बेचने में मदद करेगा। सीबीजी उद्योग के आसपास उपलब्ध होने के कारण, एलएनजी/आरएलएनजी की तुलना में, जिसमें उनके परिवहन की लंबाई पर परिवहन और कराधान लागत शामिल होते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत भी बहुत कम होगी। अनिवार्य की गयी संस्थाएं भी सीबीजी खरीदने में संकोच नहीं करेंगी, क्योंकि इससे उनकी लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आयेगी।सीबीजी को बायो-एलएनजी में द्रवित करने तथा लंबी दूरी के ट्रक परिवहन के लिए एलएनजी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग करने से, परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। ऐसे क्षेत्रों में स्थित बड़े संयंत्रों के लिए, जहां उत्पादित सीबीजी की पूरी मात्रा का उपभोग करने की सीमा तक सीएनजी/पीएनजी इकोसिस्टम विकसित नहीं हो पाया है, सीबीजी को बायो-एलएनजी में परिवर्तित करने तथा एलएनजी ट्रक परिवहन के लिए मांग केंद्रों तक पहुंचाने से सीबीजी की प्रभावी खपत में तथा परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। सीबीजी को तरलीकृत करने की लागत को सीजीडी संस्थाओं को आपूर्ति की जाने वाली घरेलू गैस के पूल का हिस्सा बनाकर उपभोक्ताओं पर वितरित किया जा सकता है।सरकार प्रणाली से जुड़ी अक्षमताओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। क्षेत्र के हरित वित्तपोषण में बहुपक्षीय विकास बैंकों का समर्थन, क्षेत्र के विकास में एक लंबा रास्ता तय करेगा। हरित ऋणों का निर्यात, न केवल क्षेत्र को स्थिरता प्रदान करेगा, बल्कि देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद करेगा।ऊर्जा स्रोतों में बदलाव को अपनाने का मार्ग, हरित गैस द्वारा रोशन होने का इंतजार कर रहा है।



-आनंद कुमार झा-

## यूपीआई भुगतान का चलन

क्या सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि यूपीआई एग्रीगेटर अपना बोझ यूजर्स पर ट्रांसफर ना करें? अगर वह ऐसा नहीं कर सकती, तो उसका मतलब छोटे ऑनलाइन भुगतान को हतोत्साहित करना समझा जाएगा।यूपीआई के जरिए दो हजार रुपये से कम के भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का प्रस्ताव फिलहाल टल गया है। सोमवार को हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस पर सहमति नहीं बनी, इसलिए इसे विचार के लिए फिटमेंट कमेटी को भेज दिया गया है। अब कमेटी बताएगी कि यूपीआई पेमेंट पर टैक्स लगाने के क्या प्रभाव होंगे।प्रस्ताव यह है कि ऐसे हर भुगतान पर पेमेंट एग्रीगेटर को (यानी जिस ऐप के जरिए भुगतान किया गया हो), 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। ये आशंका ठोस है कि ये एग्रीगेटर खुद पर पड़ने वाले टैक्स के बोझ के कारण सेवा को महंगा बना देंगे। अंततः यूपीआई के जरिए 2000 रुपये से कम का भुगतान अभी की तरह बिना लागत के नहीं रह जाएगा।मुद्दा है कि क्या सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि एग्रीगेटर अपना बोझ यूजर्स पर ट्रांसफर ना करें? वह ऐसा नहीं कर सकती, तो उसका मतलब छोटे ऑनलाइन भुगतान को हतोत्साहित करना समझा जाएगा। यह निर्विवाद है कि यूपीआई भुगतान का चलन बढ़ने से आम जन की जिंदगी आसान हुई है।इससे हाट-बाजार में लोगों को खुल्ले पैसा संबंधी दिक्कतों से राहत मिली है। आज एक रुपया से लेकर बड़े-बड़े भुगतान के लिए लोग यूपीआई का सहारा ले रहे हैं। आंकड़ा यह है कि कुल पेमेंट में लगभग 80 फीसदी भुगतान 2000 रुपये से कम के होते हैं।आशंका है कि सरकार की नई मंशा से लोगों के लिए ऐसे भुगतान करना महंगा हो जाएगा। इस तरह बाजार में नकदी का चलन बढ़ेगा, जिसे घटाना सरकार का घोषित उद्देश्य रहा है। इसलिए बेहिचक कहा जा सकता है कि छोटे यूपीआई भुगतानों पर जीएसटी लगाना गलत सोच पर आधारित प्रस्ताव है।

## प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ निष्क्रीय और खोखले

भारत की आजादी की हीरक जयती' मनाने के बाद आज के हालातों को देखकर यह सहज ही महसूस होता है कि प्रजातंत्र की परिभाषा के चार अंगों से तीन अंग करीब-करीब निष्क्रीय हो चुके है और अब केवल और केवल न्यायपालिका ही प्रजातंत्र का मुख्य आधार स्तंभ बन गया है, जिस पर देश की जनता को आज भी पूरा भरोसा है, शेष तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अपने मूल अस्तित्व खो चुके है और समय के साथ आज की गैर प्रजातंत्री बाढ़ के साथ बहने लगे है। सिर्फ न्यायपालिका ही है जो प्रजातंत्र की हर जरूरत पूर कर रही है और उसकी मर्यादा रख रही है।मेरी इस धारणा का ताजा उदाहरण पिछले दिनों उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री जी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निवास पर गणेशोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए और महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल शिवसेना (उद्धव) ने इस परिदृष्य पर अनाप-शनाप टिप्पणियां की और उनके प्रवक्ता ने तो यहां तक कह दिया कि- मोदी सरकार के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न करें तथा उसे किसी दूसरे न्यायाधीश को सौंप दे'',क्योंकि इस परिदृष्य को देखकर उन्हें उचित न्याय की उम्मीद नही रह गई है, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानती मामले में मोदी सरकार पर जो पूर्वाग्रह पूर्वक काम करने की टिप्पणियां की, उसने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्तिगत सम्बंध न्याय की गरिमा में बाधक नही बन सकते और भारतीय प्रजातंत्र में आज न्यायपालिका ही सर्वोपरी है, जो अपने धर्म व कर्तव्य का निर्वहन बड़ी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही है और न्यायपालिका ने ही प्रजातंत्र को देश में अब तक जीवित रखा हुआ है।अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णतः सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है, इस फैसले में उक्त सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई पर अनेक सवाल खड़े किए गए है, खास करके एक न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि- सीबीआई को अपने को, पिंजरें के तोते वाली छवि से मुक्त करना चाहिए।''यह एक तथाकथित निष्पक्ष एजेंसी के लिए सबसे बड़ा आघात है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय का यह सवाल भी काफी महत्व रखता है कि- केजरीवाल को तब गिरफ्तार क्यों किया गया जब उन्हें ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी?'' अब यदि इस सवाल के चलते आम आदमी पार्टी के नेता सीबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे है तो उन्हें गलत कैसे कहा जा सकता है? और सबसे बड़ी बात यह है कि यह पहली बार नही है, जब सीबीआई को सर्वोच्च न्यायालय से यह सुनना पड़ा हो कि यह सरकार प्रभाव व दबाव में काम कर रही है, इसके पहले मनमोहन सरकार के समय कोयला खदान आवंटन में घोटाले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे का तोता'' कहा था और यहां सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि सीबीआई ने इतनी सख्त टिप्पणियों के बाद भी इस कथित छवि से बाहर आने की कौशिश भी नही की।यह अकेला ही उदाहरण नहीं है जब न्यायपालिका ने अपने आपकी निष्पक्ष छवि को प्रदर्शित किया है, इसके पहले भी अनेक प्रकरणों में सरकार को कटघरे में खड़ा कर अपनी निष्पक्षता प्रस्तुत की है, यद्यपि यह भी एक कटु सत्य है कि मोदी सरकार ने न्यायपालिका को अपने कब्जे में रखने के अनेक असफल प्रयास किए किंतु न्यायपालिका ने अनेक दबावों के बावजूद आज तक अपनी निष्पक्ष छवि बरकरार रखी है, जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। इसीलिए यह कहना पड़ रहा है कि प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ खोखले हो चुके है, सिर्फ न्याय स्तंभ ही है, जिस पर आज के प्रजातंत्र का महल मजबूती से खड़ा है।



-ओमप्रकाश मेहता-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# पिछले सात वर्ष बाद अंबिकापुर में रिकॉर्ड तोड़ बारिश,किसान खुश



– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

पिछले 7 वर्षो के बारिश का रिकॉर्ड टूटा है। इस वर्ष औसत वर्षा से अधिक बारिश हुई है। इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ बारिश होने के कारण धान की फसल भी ठीक है। किसानों के बीच अच्छी पैदवार होने की उम्मीद जताई जा रही है। लो प्रेशन के कारण दो दिनों से सरगुजा संभाग में रूक-रूककर बारिश हो रही है। बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशन के कारण दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे और बारिश हो सकती है। मौसम में हुए बदलाव से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशन के असर से उत्तरी छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बुधवार को तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। संभाग के सरगुजा,बलरामपुर और सूरजपुर जिलों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। उत्तर छत्तीसगढ़ में करीब एक सप्ताह के अंतराल में हुई वर्षा से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो गई है। उत्तर छत्तीसगढ़ में मानसून की वापसी 10 से 15 अक्टूबर तक होती है। इस दौरान भी उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश होगी।

### 7 साल का टूटा रिकॉर्ड

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। सात वर्षो बाद अम्बिकापुर में वर्षा का आंकड़ा पहली बार सामान्य औसत मानसून वर्षा 1211 मिमी के आंकड़े को पार किया है। 1 जून से 25 सितंबर तक कुल वर्षा 1303.3 मिमी हो चुकी है जो सामान्य औसत की तुलना में 107.5 प्रतिशत है।

### 2024 की माहवार वर्षा

जून 115.8
जुलाई 369.8
अगस्त 595.9 और
सितम्बर आज तक 221.8 मिमी

# संदीप हत्याकांड मामलाः सर्व आदिवासी समाज ने निकाली न्याय यात्रा




– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

सीतापुर के ग्राम बेलजोर निवासी संदीप का शव पिछले 18 दिनों से मरच्यूरी में पड़ा हुआ है। संदीप के मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी जब तक नहीं हो जाती तब तक परिजन उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं करने का प्रण लिया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी व मृतक की पत्नी को उचित मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर परिजन सर्व आदिवासी समाज के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठें हैं। इसी बीच बुधवार को सर्व आदिवासी सामाज ने अंबिकापुर कला केन्द्र मैदान से सीतापुर तक न्याय यात्रा निकाली।

कलाकेन्द्र मैदान में न्याय यात्रा के दौरान सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी ने कहा कि पूरे मामले में पुलिस लापरवाही बरती है। घटना होने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपी को अब तक नहीं गिरफ्तार कर पा रही है। समाज के लोगों ने कहा कि अगर 2 अक्टूबर तक न्याय नहीं मिले तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। वहीं समाज के लोगों ने मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेक्ट-एसपी को हटाने की मांग की है। वहीं दो दिन पूर्व मृतक की पत्नी ने लचर कानून व्यवस्था व न्याय न मिलने का आरोप लगाकर अपने दो मासूम बेटों के साथ आत्मदाह की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि राजमिस्त्री दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा की सीतापुर के ग्राम बेलजोरा निवासी ठेकेदार अभिषेक पांडेय ने अपने 5 कर्मचारियों के साथ मिलकर छड़ व सीमेंट चोरी का आरोप लगाकर 7 जून को हत्या कर दी थी। इसके बाद 8 जून को उसका शव मैनपाट के लुरैना बड़वापाट स्थित पानी टंकी के फाउंडेशन के नीचे दफन कर दिया था। मृतक के परिजनों व सर्व आदिवासी समाज द्वारा पुलिस पर दबाव बनाए जाने के बाद 6 सितंबर को संदीप की लाश मिली थी। पुलिस ने घटना में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय अभी भी फरार है।

# सेंट जॉन्स स्कूल नवापारा व फुटबॉल क्लब राता ने जीते मैच

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार कोा दो मैच खेले गए। पहला मैच सेंट जॉन्स स्कूल नवापारा विरुद्ध बढनीझरिया के मध्य खेला गया। जिसमें सेंट जॉन्स स्कूल नवापारा ने बढनी झरिया को तीन गोल से परास्त किया। दूसरा मैच नव युवक क्लब मोहनपुर विरुद्ध फुटबॉल क्लब राता के मध्य खेला गया प्रथम हाफ में फुटबॉल क्लब राता की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए अर्जुन की एक गोल की बदौलत 1-0 से बढ़त बना ली। मैच के दूसरे हाफ में मोहनपुर की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया परंतु गोल करने में सफल नहीं मिली। आखिरी समय में फुटबॉल क्लब राता को एक पेनल्टी मिला जिसमें राता की टीम ने गोल कर 2-0 गोल से बढ़त बना ली और विजेता बनी। मैच के निर्णायक रेफरी दिनेश तिर्की, ललित किशोर ,दया यादव, आयुष, नितेश, अखिलानंद राजवाड़े ने मैच को संपन्न कराया। इस प्रतियोगिता के तहत बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच नवानगर विरूद्ध न्यू स्पोटिंग क्लब चर्चा व दूसरा मैच फुटबॉल क्लब लुचकी विरूद्ध फुटबॉल क्लब प्रतापपुर के मध्य खेला जाएगा।

# नक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का बताया गया महत्व

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।




सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर एवं नगर पालिका निगम अंबिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में नगर के चौपाटी क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक, रैली एवं फ्लैश मोब कार्यक्रम द्वारा जन जागरूकता स्वच्छता अभियान कराया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने हर्ष-उल्लास के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लिए स्वच्छता पखवाड़ा मे योगदान दिया। जिला साक्षरता से बीपीओ गिरीश गुप्ता,जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक,सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय कॉलेज के बी.एड. द्वितीय वर्ष के सभी स्टूडेंट,रानी रजक विभागाध्यक्ष, नगर निगम से रितेश सैनी, खेमकरण अहिरवार जिला संगठक (राष्ट्रीय सेवा योजना) संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा छत्तीसगढ़ आदि सभी की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी तारतम्य मे एम सिद्दीकी ने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। अच्छी स्वच्छता का एक व्यक्तिगत लाभ बेहतर स्वास्थ्य है। हमको मिलकर अपने घर, मोहल्ले, और शहर सहित पूरे भारत में स्वच्छता का परचम लहराना है। इसी तारतम्य मे रानी रजक ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना ज़रूरी है, चाहे वो उनका घर हो, उनकी वर्कप्लेस हो या समुदाय हो। स्वच्छता के प्रति सजगता हेतु गिरीश गुप्ता ने सभी को शपथ दिलाया गया। इस तरह कार्यक्रम में प्रीति तिवारी साक्षरता, रजनीश मिश्रा साक्षरता, उर्मिला, मिथिलेश गुर्जर, एफ वी टी आर एस प्रशिक्षण केंद्र के स्टूडेंट, सीमा बंजारे, राधिका चौहान, ममता चौहान यूनिसेफ सभी की उपस्थिति रहीं।

# 12 हाथियों के दल ने किसानों की फसलों को बुरी तरह से रौंदा





**» आंसू बहाने मजबूर हुए किसान**

– संवाददाता –
उदयपुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

वन परिक्षेत्र उदयपुर में विगत आठ सितंबर से 12 हाथियों का दल अपनी धमक से ग्रामीणों में भय का वातावरण बनाए हुए है।

हाथी मानव द्वंद के बीच नुकसान जनता का ही होना है इसका उदाहरण मंगलवार की रात को देखने को ग्राम रामनगर में मिला। यहां 12 हाथियों का दल शाम 7 बजे करीब कलेश्वर पारा के नजदीक पहुंचा और ग्रामीणों के धान व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू किया। अंधेरे में हाथी आगमन की सूचना पर ग्रामीण टार्च मोबाइल लेकर अपनी खेती बचाने दौड़ पड़े चारो तरफ से आदमी का झुंड लाइट की रोशनी देखकर झुंझलाहट में इधर से उधर दौड़ना फसलों को रौदना शुरू कर दिया।

हाथियों को भगाने कोई पटाखा का उपयोग कर रहा तो कोई गुलेल गोरहा चला रहा तो कोई चोंगा लगाकर पेपे की आवाज से हाथियों को बेचैन करने कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसी बीच उग्र होकर कभी कभी लोगों को दौड़ाता तो लोग बेहिसाब भागते नजर आते रहे। वन अमला की 15 से 20 लोगों की टीम प्रतिदिन दो वाहनों से अलग अलग चौक चौराहों पर बेरिकेटिंग,रोड बंद ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने भेजने की कोशिश करते हुए नजर आए। हाथियों के नजदीक नही जाने हाथियों को नहीं छेड़ने की समझाइश देते रहे परंतु आधे अधिक लोग बात मानने को तैयार ही नहीं हुए। सब हाथियों के अगल बगल टार्च लेकर दौड़ते रहे इसी बीच एक दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को हाथियों ने बुरी तरह से रौंद डाला। रामनगर / फुनगी फसल क्षति किसानों की जानकारी

(1) माझी राम टेकाम -धान ,मूंगफली,लकड़ा
(2)धन साय टेकाम -धान
(3)फेकू राम सरोटिया -धान
(4)परस राम - धान
(5)श्याम लाल सरोटिया -धान
(6)रामदेव राजवाड़े -मक्का
(7)चैतू बारगाह - धान
(8)जीतन पंडो - मक्का,एवं घर का खिड़की को नुकसान
(9)रंगलाल पंडो -मक्का
(10)नदु पंडो -मक्का
(11)सदम - धान
(12) अवधेश सरोटिया -धान

ग्राम फुनगी
(1)अशोक पैकरा -धान
(2)रामप्रसाद पैकरा -धान
(3)तिलक पैकरा -धान
(4)सुखराम-धान
(5)शिवकुमार-धान
(6)धोबी -धान
(7)धर्मेश -धान

इस प्रकार कुल 19 किसानों का फसल बर्बाद किया है। बस इतना ही कह सकते है कि जिस किसान का फसल बर्बाद होता है उसके दिल में क्या गुजर रहा होगा इसका अंदाजा तो सिर्फ किसान ही लगा सकता है। बाकियों को क्या परवाह।

# सरगुजा कलेक्टर ने प्रधानमन्त्री आवास अमृत सरोवर तालाब और स्कूल का किया निरीक्षण

**» आवास हितग्राही के घर पहुंच की मुलाकात खुशी से ग्रामीण की डबडबाई आंखें**



– संवाददाता –
लखनपुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोरता पहुंच अमृतसर तालाब,स्कूल और प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास हितग्राही मनोहर राजवाड़े ग्राम गोरता विकासखण्ड लखनपुर निवासि 15 अगस्त को दिल्ली में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुआ था। इस दौरान आवास हितग्राही को दो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साइकिल पंचर बनाने वाले गरीब आवास हितग्राही को हवाई जहाज में रायपुर से दिल्ली तक बैठने का मौका मिला। आवास हितग्राही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विधायक राजेश अग्रवाल ,सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ,ग्राम सरपंच सहोदरी उइके का आभार जताया है। बुधवार को सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर आवास हितग्राही मनोहर राजवाडे के निवास पहुंच उन्होंने मुलाकात की। सरगुजा कलेक्टर को अपने घर देख आवास हितग्राही काफी खुश हुआ और खुशी से आंखे डब=डबा गई। सरगुजा कलेक्टर ने सहायता राशि देने अश्वासन दीया है।इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर एसडीएम वंश नेताम, मुख्य कार्य पर अधिकारी वेद प्रकाश पांडे, सरपंच सहोदरी ऊइके पंचायत सचिव केशवर सिंह,सहित आधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात पिकअप की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

दरिमा रोड में मंगलवार की शाम को अज्ञात पिकअप ने मोपेड बाइक सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार निजामुद्दीन मियां उम्र 65 वर्ष शहर के मोमिनपुरा का रहने वाला था। वह मंगलवार की शाम को मोपेड बाइक से कांतिप्रकाशपुर जा रहा था। तभी दरिमा रोड में अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# गुमगरा कला में आयोजित संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में विधायक और कलेक्टर हुए शामिल

**स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई कर किया श्रमदान**

– संवाददाता –
लखनपुर,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के गुमगरा कला में बुधवार को संपूर्णता अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को अंत्योदय दिवस के रुप में मनाया गया। विधायक कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के द्वारा साफ सफाई कर श्रमदान और स्वच्छता को लेकर लोगो को शपथ दिलाई गई। मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार आकाशी विकासखंड लखनपुर में 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुमगरा कला में अयोजित संपूर्ता अभियान अंतर्गत अंत्योदय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल कलेक्टर विलास भोस्कर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ओ बी सी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, सतनारायण साहू, कार्मेंद्र राजवाड़े, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश्वर राजवाड़े ग्राम सरपंच लोकनाथ और रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। विधायक राजेश अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 2 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में या अभियान



चलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि स्वच्छता को स्वभाव बनाने का परिणाम है कि लखनपुर क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप पहले की तुलना में कब हुआ है स्वच्छता सीधे स्वास्थ्य से जुड़ी है उन्होंने सभी से अपील की की सभी स्वच्छता को गंभीर से लेते हुए अभियान के थीम स्वरूप स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता को अपने स्वच्छता को अपनाए। स्वेच्छाग्राही दीदियों और ब्राह्मणों को अपने घर मोहल्लों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने समझाइए दी गई। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता ही सेवा आभियान को लेकर विधायक राजेश अग्रवाल सरगुजा कलेक्टर जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले ने स्कूल परिसर सपताहिक बाजार और सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई कर श्रमदान किया साथ ही स्वच्छता को लेकर लोगो को शपथ दिलाई गई। ,स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया,महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती महिलाओं की भराई की गई साथ ही लखनपुर जनपद कार्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर किसान चौपाल लगाया गया आकाशवाणी टीम के द्वारा किसानों से चर्चा करते हुए कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर एसडीएम वन सिंह नेताम,एपीओ श्रीमती स्वेच्छा सिंह ,जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रोशन, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# बलूच महिलाओं को आत्मघाती हमले करने के लिए ब्लैकमेल कर रहे आतंकी,गिरफ्तार महिला हमलावर का दावा

**इस्लामाबाद,25 सितम्बर 2024।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने आत्मघाती हमले की साजिश रच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह बलूच महिला पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के खिलाफ हमला को लेकर कई महिलाओं को ब्लैकमेल कर रही थी। गिरफ्तार की गई महिला का नाम आदिला बलोच बताया जा रहा है। महिलाने खुलासा किया है कि आतंकवादी बलूच महिलाओं को ब्लैकमेल करते हैं और उन्हें ऐसे कृत्य करने के लिए उकसाते हैं।

पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ एक प्रोजेक्ट में काम करने वाली नर्स आदिला बलूच को हमला करने से पहले ही बलूचिस्तान के तुरबत में सुरक्षा बलों ने बुधवार को



गिरफ्तार कर लिया। क्वेटा में मीडिया से बात करते हुए गिरफ्तार की गई महिला ने बताया कि किस प्रकार उससे झूठे वादे करके आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बहकाया था।

### आंतकी ब्लैकमेल करके ले गए...

महिला ने बताया कि, उन्होंने मुझे एक नई और खुशहाल जिंदगी की झूठी उम्मीदें दिखाई, लेकिन एक बार जब मैं पहाड़ों में छिपे आतंकवादियों में साथ रहने लगी तो मुझे लगा कि ये जीवन बहुत ही कठिनाइयों से भरा है। महिला ने दावा किया कि, आतंकवादी बलूच महिलाओं को ब्लैकमेल करते हैं और उन्हें इस तरह के काम करने के लिए उकसाते हैं। उसने कहा कि, अन्य बलूच युवाओं, पुरुषों और महिलाओं को इसी तरह ब्रेनवॉश किया गया था।

महिला ने आगे बताया कि, वहां आतंकवादियों द्वारा गुमराह की गई वह अकेली नहीं थीं। ऐसी कई महिलाएं, युवा और आदमी वहां पर फंसे हुए हैं। बलोच ने कहा कि आतंकियों ने उसे धोखा दिया है। मेरा काम लोगों की मदद करना और लोगों की जान बचाना था। दुर्भाग्य से मुझे उन लोगों ने गुमराह किया और मुझे सही रास्ते से भटका दिया।

### फिदायीन हमला करने के लिए राजी हो गई थी यह महिला

महिला ने मीडिया के सामने यह बात भी कबूल की कि, आतंकवादियों ने उसे आत्मघाती बम विस्फोट करने के लिए राजी कर लिया था, बिना इस बात पर विचार किए कि इससे निर्दोष लोगों की जान चली जाएगी। महिला ने आतंकवादियो के उस एजेंडे का भी भंडाफोड़ कर दिया, जिसमें दावा किया जाता था कि, बलूच महिलाएं स्वेच्छा से आत्मघाती हमलावर बन जाती हैं।

### महिलाओं ने जाल में ना फंसने की दी सलाह

आदिला बलूच ने बताया कि, यह सब झूठ है। आतंकवादी महिलाओं को इसके लिए ब्लैकमेल करते हैं। मैं इसकी गवाह हूं। बलूचिस्तान के युवाओं और महिलाओं को आगाह करते हुए आदिला ने बताया कि,इस तरह के फैसलों से सिर्फ तबाही होती है। वे ऐसी गलती ना करें। इससे कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है।

बता दें कि, क्षेत्रफल के लिहाज से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत बलूचिस्तान करीब दो दशकों से उग्रवाद से जूझ रहा है। जातीय बलूच उग्रवादी समूह संघीय सरकार पर प्रांत की खनिज संपदा चुराने का आरोप लगाते रहे हैं। सरकार इस आरोप को खारिज करती रही है और विद्रोहियों पर आरोप लगाती रही है कि वे निजी स्वार्थों के लिए देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# पुरुष सहकर्मी ने महिला पुलिस कर्मी की गोली मारकर की हत्या

**लाहौर, 25 सितम्बर 2024।** पाकिस्तान के लाहौर में एक महिला पुलिसकर्मी की उसके पुरुष सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतका कांस्टेबल सोमन (27) लाहौर पुलिस की दंगा-रोधी शाखा में कार्यरत थी। उन्हें घातक हमले में तीन बार गोली मारी गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कथित हत्यारे पुलिसकर्मी की पहचान फारूक के रूप में हुई है। वह अपराध को अंजाम देने के बाद मौके से फरार गया।



चश्मदीदों ने कहा कि फारूक पीड़िता को प्रताड़ित कर रहा था, जिसके बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने हस्तक्षेप करके उसे काबू में कर लिया। हालांकि, स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, बाद में फारूक ने पिस्तौल निकाली और एकत्रित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाईं। इस बीच संदिग्ध ने कथित तौर पर महिला कांस्टेबल को तीन बार गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की घेराबंदी कर दी। घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने मृत महिला के पर्स से एक सर्विस कार्ड बरामद किया है, जिससे उसकी पहचान एक कांस्टेबल के रूप में हुई।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के मुर्दाघर में भेज दिया गया और संदिग्ध के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के मुताबिक, हत्या के पीछे का मकसद अभी तक अज्ञात है। साथ ही संदिग्ध का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें लगी हैं।

# इस्राइल ने हवा में तबाह की हिजबुल्ला की बैलेस्टिक मिसाइल, दक्षिणी लेबनान ने तेज किए हमले

## 10 की मौत





**हिजबुल्ला,25 सितम्बर 2024।** इस्राइल ने बुधवार को तेल अवीव के पास हिजबुल्ला की तरफ से दागी गई मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। बता दें कि बुधवार को तेल अवीव और केंद्रीय शहर नेतन्या में लोग सायरन की आवाज के साथ उठे,क्योंकि इस्राइल ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि यह पहली बार है जब हिजबुल्ला की तरफ से दागी गई मिसाइल शहर के करीब पहुंची है। हलांकि इसमें किसी नुकसान या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है।

### मोसाद के मुख्यालय को बनाया गया था निशाना

इधर हिजबुल्ला ने पुष्टि की है कि उसने इस्राइल की खुफिया सेवा मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाकर कद्र-1 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। जानकारी के मुताबिक हिजबुल्ला की तरफ से इस्राइल की ओर दागी गई ये पहली बैलिस्टिक मिसाइल थी। वहीं हिजबुल्ला का कहना है कि मिसाइल को गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और लेबनान और उसके लोगों की रक्षा के लिए दागा गया था।

### नफाखियाह क्षेत्र में तबाह किया गया मिसाइल-इस्राइली सेना

वहीं इस्राइली सेना ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल को भूमध्यसागरीय तट पर 4 मिलियन से अधिक लोगों के शहर तेल अवीव के पास तबाह किया गया था, और वायु सेना ने दक्षिणी लेबनान के नफाखियाह के क्षेत्र में इसके लांचर को मार गिराया।

### दक्षिणी लेबनान में इस्राइल ने तेज किए हमले

वहीं इस्राइल की तरफ से दक्षिणी लेबनान में तेज किए गए ताजा हमले में 10 लोगों के मारे जाने की खबर है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के ऐन काना शहर में तीन लोग मारे गए और 13 घायल हो गए। वहीं केसरवान में अल-मायसरा पर हमले के बाद कम से कम तीन अन्य मारे गए और नौ घायल हो गए, और जौन में चार और मारे गए और सात लोग घायल हैं।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे एक पोस्ट में, आईडीएफ ने बताया कि उसकी तरफ से दक्षिणी लेबनान और बेका क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमले किए जा रहे हैं। आईडीएफ बताया कि उसने बुधवार को अब तक लेबनान में 100 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है।

### कीर स्टार्मर की ब्रिटिश नागरिकों से लेबनान छोड़ने की अपील

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई तेज होने के बाद ब्रिटिश नागरिकों से लेबनान को तुरंत छोड़ने का आह्वान किया है और आपातकालीन निकासी की आवश्यकता होने की स्थिति में साइप्रस में लगभग 700 ब्रिटिश सैनिकों को तैनात किया गया है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन





**– संवाददाता –
अंबिकापुर, 25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' अंतर्गत नगर पालिका निगम अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में सांसद सरगुजा चिंतामणि महराज, विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल और विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज शामिल हुए।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में निगम क्षेत्र में कार्यरत समस्त स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मी, प्लेसमेंट एवं ठेका सफाई कर्मी का पूर्ण स्वास्थ्य जांच 04 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया गया। साथ ही इस शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टॉल लगाए गए। जिसमें पात्र स्वच्छता कर्मी के फॉर्म जमा किए गए एवं उनका पंजीयन किया गया। शिविर का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कर्मी में उनके कार्य और मिल रही सुविधा के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही सफाई सुरक्षा से संबंधित उपकरणों का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी ली गई।

शिविर में लगे स्वच्छता कैंप में सांसद और विधायक ने भी स्वयं का स्वास्थ्य जांच कराया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विधायक द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम पर वॉल पेंटिंग भी किया गया। इस शिविर में 800 स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य जांच व अन्य योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम प्रकाश सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंत्री रामविचार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**» कार्यक्रम में सांसद,विधायक, जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल हुए...**

**– संवाददाता –
अंबिकापुर, 25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

जनसंघ के संथापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रामविचार नेताम, सांसद चिंतामणि महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, विधायक राजेश अग्रवाल ने बड़ी संख्या में भाजपाइयों के साथ दीनदयाल चौक में उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि एकात्म मानववाद, मानव जीवन व सम्पूर्ण सृष्टि के एकमात्र सम्बन्ध का दर्शन है और इसका पूर्ण वैज्ञानिक विवेचन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने किया था,उनके सिद्धांत एकात्म मानववाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्गदर्शक दर्शन है। आगे उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय लंबे समय तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये।



इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह इसके वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और हमारे प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है।

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को मार्गदर्शक और अनंत काल तक प्रेरणा श्रोत की संज्ञा देते हुए कहा कि पंडित जी ÷एक महान भारतीय विचारक, संगठनकर्ता और राजनीतिक नेता थे, जिन्होंने भारतीय समाज की जड़ों को मजबूत करने और देश के गरीब और वंचित लोगों के उत्थान के लिए आजीवन काम किया। उन्होंने अंत्योदय का सिद्धांत प्रस्तुत किया, और हम भ ा ज प ा कार्यकर्ताओं को उनके सिद्धांत अनंत काल तक प्रेरणा देते रहेंगे।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का दर्शन और सिद्धांत का महत्व भारतीय समाज के विकास में अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिन हमें उन जिम्मेदारियों की याद दिलाता है, जो हमें समाज के सबसे पिछड़े वर्ग के प्रति निभानी चाहिए।

भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का दर्शन इस बात पर जोर देता है कि जब तक समाज का हर वर्ग आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं होता, तब तक एक सशक्त और उन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है।

नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि पंडित जी के सिद्धांतों का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है, ताकि वे भी समाज के साथ प्रगति कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, फुलेश्वरी सिंह, राजकुमार बंसल, मंजूषा भगत, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, विजय व्यापारी, विकास पाण्डेय, इंदर भगत, रूपेश दुबे, अजय प्रताप सिंह, सर्वेश तिवारी, रामप्रवेश पांडे, दीपक सिंह तोमर, शकुंतला पांडे, संजीव वर्मा, किरण सोनी, प्रियंका चौबे, किरण मिश्रा, शैलेश सिंह,कृष्ण कुमार शर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, शरद सिन्हा, नीलम राजवाड़े, वीरेंद्र बघेल, विनोद दुबे, विद्यानंद मिश्रा, अनिल तिवारी,प्रयाग साहू,सरिता जायसवाल, शालिनी सिंह, मयंक जयसवाल, सोलू सिंह, मलखान सोनी, सीमा कश्यप, बबली नेताम, अमोघ कश्यप, अनीश सिंह, सुनील बघेल, अनीश सिंह, रवि सोनी, सलीम केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नशामुक्त पंचायत बनाने ग्रामसभा में प्रस्ताव पास

**– संवाददाता –
अंबिकापुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में गांव-गांव तक हड़िया और महुआ शराब प्रचलन में है। आगंतुकों का आवभगत हाथ जोड़कर हड़िया,महुआ शराब परोसकर करते ग्रामीणों को देखा जा सकता है। शहर से लगे इलाकों में भी ऐसा ही कुछ प्रचलन चल पड़ा है। गांव हो या शहर, ऐसे कई लोग मिल जाएंगे, जो सुबह नींद खुली नहीं कि खुमारी उतारने लगते हैं।

ऐसे हालातों के बीच ग्रामीण क्षेत्र में शराबबंदी का निर्णय लेना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरगुजा के विकासखंड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर की महिलाएं अपने हाथों में लाठी लेकर यह संदेश देने के लिए इन दिनों निकल पड़ी हैं कि हड़िया-दारू बनाना छोड़ दो और हांडी फोड़ दो। इसके बाद यह गांव पूर्ण रूप से नशामुक्त होने को लेकर सुर्खियों में है।

### नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान

चैनपुर गांव को नशामुक्त करने की शुरुआत महिलाओं ने पेसा अध्यक्ष जयमान एक्का के सहयोग से की है। इन्होंने गांव को नशामुक्त करवाने के लिए ग्राम सभा का आयोजन करवाया और ऐसे नियम पास करवाए, जिससे हड़िया, शराब बनाने और पीने वाले सकते में हैं। इसके पीछे कारण हड़िया-दारू बनाते, बेचते और पीते हुए पकड़े जाने पर संबंधितों से 5 हजार रुपये जुर्माना की वसूली सख्ती से



करना है। यही नहीं ग्राम चैनपुर में जितने भी किराना और जनरल स्टोर हैं उन दुकान के संचालक महुआ, बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटखा, तम्बाकू इत्यादि नहीं बेच सकते। इसके बाद भी कोई दुकानदार प्रतिबंधित किए गए चीजों को बेचते हुए पकड़ में आता है, तो संबंधित दुकानदार से 5 हजार रुपये जुर्माना लिया जाएगा। नशा मुक्ति से संबंधित बनाए गए नियम-कानून का पालन करवाने और निगरानी के लिए महिलाओं के द्वारा नशामुक्ति निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस समिति की सदस्य केवल महिलाएं हैं, उन्हें नशामुक्ति से संबंधित सभी प्रकार के कार्य करने का अधिकार दिया गया है।

### आबकारी व पुलिस विभाग की सहायता लेने स्वतंत्र

नशामुक्ति निगरानी समिति की महिलाएं आवश्यकता पड़ने पर आबकारी व पुलिस विभाग के अधिकारियों की सहायता लेने स्वतंत्र हैं। नशामुक्ति से संबंधित ग्राम सभा से पारित नियमों का कोई व्यक्ति उल्लंघन करते पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए ग्राम सभा के माध्यम से उच्च न्यायालय में मुकदमा चलाने अर्जी दाखिल किया जाएगा।

नशामुक्ति निगरानी समिति चैनपुर की अध्यक्ष मीना एक्का, उपाध्यक्ष अनसतसिया लकड़ा, सचिव छुमी एक्का, सहसचिव बिलीचेना एक्का सहित अन्य महिलाएं ग्रामसभा में पास किए गए ऐसे कठोर नियम,प्रावधानों की सूचना अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर तथा थाना प्रभारी सीतापुर को पेसा अध्यक्ष के साथ पहुंच कर दी हैं।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतापपुर के विकास के लिए उठाए गए कदम पर पत्रकारों से चर्चा



-संवाददाता-
प्रतापपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मंडल महामंत्री अवधेश पांडे, और मंडल मंत्री प्रवीण दुबे ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर प्रतापपुर के विकास कार्यों और कृषि महाविद्यालय की स्थापना पर चर्चा की। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक मुकेश तायल और जिला संयोजक नगर निकाय प्रकोष्ठ अरविंद जायसवाल भी उपस्थित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में कृषि महाविद्यालय का संचालन प्रतापपुर में नहीं हो सका, और कक्षाएं अंबिकपुर में संचालित होती रहीं। वर्तमान सरकार ने विधायक शकुंतला पोर्ते की प्राथमिकताओं में प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना को रखा है। जल्द ही कोडाकुपारा और शांतिनगर में अस्थाई रूप से कक्षाएं शुरू की जाएंगी, जो कि प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी ने भूमि आबंटन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतापपुर में धोंधा, सेमराकला, खड़गवांकला, और करसी जैसे कई स्थानों पर भूमि का निरीक्षण किया गया है। हालांकि, अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना किसी विवाद के जो भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, वहां महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा।

### राजनीतिक षड्यंत्र के आरोप

विधायक शकुंतला पोर्ते पर आरोप लगाए जाने को उन्होंने राजनीतिक षड्यंत्र बताया। तिवारी ने कहा, कुछ लोगों द्वारा यह कहा जा रहा है कि उन्होंने ग्राम धोंधा से महाविद्यालय को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है, जबकि वहां भूमि का आबंटन ही नहीं हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि धोंधा का मामला कभी फाइनल नहीं हुआ था। मंडल महामंत्री अवधेश पांडे ने विधायक द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि चंदोरा सड़क का टेंडर और कार्य आरंभ कराया गया है। इसके अलावा, 20 वर्षों से चल रही न्यायालय भवन की मांग को पूरा करते हुए 7 करोड़ से अधिक की लागत से इसकी स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के टेंडर को भी उच्च अधिकारियों से बातचीत कर जारी कराया गया। मंडल मंत्री प्रवीण दुबे ने कहा कि विधायक शकुंतला पोर्ते ने लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है और वे प्रतापपुर के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने स्पष्ट किया कि प्रतापपुर में विकास की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, और आगामी समय में कृषि महाविद्यालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। इस कार्यक्रम में होगी।इस कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक मुकेश तायल जिला संयोजक नगर निकाय प्रकोष्ठ अरविंद जायसवाल उपस्थित थे।

# जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित



-संवाददाता-
प्रतापपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
जीवनदीप समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमकोला के साधारण सभा व कार्यकारिणी की बैठक जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी ने सदस्यों को पूर्व में निर्धारित कार्य के पूर्ण व अपूर्ण कार्यों का उल्लेख कारण सहित बताया व आगामी कार्यों की योजना प्रस्तुत की चिकित्सा अधिकारी विकास पटेल ने जीवनदीप समिति के बैठक के बारे में सामान्य जानकारी दी गई। जनपद अधयक्ष ने अस्पताल परिसर के साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली व आयुष्मान को प्रोत्साहित करने आवश्यक निर्देश दिए। किस्सा अधिकारी विकास पटेल के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा वर्तमान बैठक की एजेंडा के बारे में जानकारी दी गई। जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की वेतन वृद्धि (प्रति कर्मचारी 1000 रुपये) का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अस्पताल परिसर में पेयजल विद्युत व साफ-सफाई के लिए होने वाले व्यय से अवगत कराया गया। अस्पताल परिसर के उद्यान के उन्नायन के संबंध में चर्चा की गई। स्टाफ नर्स तथा वाहन चालक के व्यवहार सुधार के संबंध शिकायत/सुझाव दिया गया। बैठक में जीवन दीप समिति के सदस्य खंड चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह पूर्व जनपद सदस्य मुन्ना सिंह दिनेश गुप्ता जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवनाथ जगते सरपंच देवचंद सिंह सरुता उपसरपंच मकसूद अंसारी शिवकुमार यादव विजय मरकाम महबूब खान



## नगर की उभरती कलाकार बिटिया फाइन आर्टिस्ट शिवानी ओझा ने सकेंड रैंक के साथ मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर नगर एवं परिजनों को किया गौर्वान्वित

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
एम आई टी ए डी टी यूनिवर्सिटी पुणे की छात्रा शिवानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये सेकेण्ड रैंक के साथ एम एफ ए की डिग्री हासिल की है। बचपन से ही कला के प्रति रूचि ने उन्हें फाइन आर्टिस्ट बनने को प्रेरित किया और इसमें ही अपने कैरियर का सपना देखते शिवानी ने भारती विद्या पीठ पुणे से आर्ट टीचर डिप्लोमा प्राप्त कर एक कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की और सफलता के कीर्तिमान स्थापित करते कई पुरुस्कार प्राप्त किये। जिनमे आर्ट प्रदर्शनी वर्ष 2018 में द्वितीय स्थान, कृष्ण अर्जुन गीता आर्ट प्रतियोगिता में देश के प्रथम 10 प्रतिभागियों में स्थान, आर्ट प्रदर्शनी वर्ष 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन,देश के नामचीन कलाकार फाउंडेशन, कारी आर्ट, और कला गोष्ठी जैसे आयोजनों में सफलता प्राप्त करते हुये मुंबई, पुणे, रायपुर, दिल्ली एवं दुबई में लगातार सफल प्रदर्शनियों का आयोजन कर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। सरगुजा के होनहार कार्यक्रम में उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के द्वारा विशिष्ट पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में पहचान बनाने के साथ साथ उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के लिये भी प्रयास जारी रखा और वर्ष 2022 में बी एफ ए की डिग्री तृतीय रैंक के साथ तथा वर्ष 2024 में एम एफ ए की न सिर्फ डिग्री हासिल की बल्कि सेकेण्ड रैंक होल्डर भी रही। साथ ही साथ शिवानी ने आर्ट थेरेपी जैसे नये विषय पर अपनी इंटर्नशिप पूरी कर आर्ट थेरेपी पर रिसर्च कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासी एवं परिजनों में हर्ष एवं सफलता की गौर्वानुभूति है।

# प्रतापपुर वाड्रफनगर को नया जिला बनाने नागरिक संघर्ष समिति ने निकाली वृहद रैली





-संवाददाता-
प्रतापपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
नया जिला मांग को लेकर आज नागरिक संघर्ष समिति का ऐतिहासिक रैली हजारों की संख्या में प्रतापपुर में आयोजित की गई संस्कृतिक भवन से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय तक बजा कर के साथ एसडीएम को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम से जिला बनाने का ज्ञापन सौपा गया प्रतापपुर वाड्रफनगर को मिलाकर जिला बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है स्वतंत्रता दिवस के दिन नगर पंचायत प्रतापपुर के मंगल भवन में प्रतापपुर वाड्रफनगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधि सभी दल के नेता अधिवक्ता वह पत्रकार इस बैठक में शामिल हुए थे और सभी ने एक सुर में नागरिक संघर्ष समिति बनाकर जिला की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया था इसके लिए जिला बनाओ संघर्ष समिति के गठन भी कर दिया गया था समिति के बैनर तले जिला बनाने की मांग को लेकर विधिवत अभियान छेड़ा गया था किसी घड़ी में आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया सबसे पहले संस्कृतिक भवन में सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दल के वक्ताओं ने एक और से प्रतापपुर वाड्रफनगर को मिलाकर जिला बनाने की मांग की राखी इस दौरान वक्त आने कहा कि हमारे सरगुजा संभाग से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने हैं और हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि वह जशपुर जिला में पत्थलगांव सूरजपुर जिले में प्रतापपुर वाड्रफनगर को अवश्य जिला बनाऐ गे इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश पटेल दयाशंकर तिवारी जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर सिंह मंडल अधयक्ष अक्षय तिवारी राजकुमार गुप्ता नगर अधयक्ष कंचन सोनी नवीन जायसवाल रामदेव जगते अनिल कुशवाहा प्रेमचंद जायसवाल कमलेश देवांगन सहित अन्य समिति के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस को दिया गया इमरजेंसी में जान बचाने का प्रशिक्षण




-संवाददाता-
कोरिया,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में जिले के पुलिस अधिकारियों, आरक्षकों, पुलिस बल के जवानों को जिला रेडक्रास सोसायटी के द्वारा प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण चिकित्सक डॉ अंकित परिहार एवं डॉ मनीष कुर्रे के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में यदि कोई व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आ जाए कहीं कोई डूब जाए, अचानक गिर कर बेहोश हो जाये या बिजली गिरने पर अचेत हो जाने की दशा में सबसे पहले उसकी कैसे प्राथमिक उपचार दिया जा सकें। ऐसी जानकारी से अवगत कराया गया। डॉ अंकित परिहार ने बताया कि सबसे पहले वे गले के नीचे राइट लेफ्ट अपने हाथों की उंगलियों से चेक करें कि प्लस चल रही है की नही, उसके बाद घायल व्यक्ति के पास घुटनों के बल बैठकर दोनों हाथ से छाती के बीचों बीच दबाए, एक बार में 5 से 10 बार दबाए जिससे घायल व्यक्ति की जान बच सकती है। कार्यक्रम में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस पूर्व रेडक्रास सोसायटी के द्वारा 400 अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# मानवीय संवेदना की अनूठी पहल:दो हजार से भी अधिक शिक्षकों ने दिए 2 लाख रुपए



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
सूरजपुर जिले के दो हजार से भी अधिक शिक्षकों ने एकजुट हो मानवता की ऐसी मुहिम चलाई है जो शिक्षा जगत में एक मिसाल बन गई है।

छ ग प्रदेश सँयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित सँयुक्त संवेदना योजना में जिले के दो हजार से भी अधिक शिक्षको ने मिल कर अपने दो दिवंगत शिक्षक साथियों के दो लाख रुपये इकट्ठा कर उनके आश्रितों को संवेदना राशि प्रदान की। विकासखण्ड सूरजपुर के प्रा.शा. घाघीटिकरा में कार्यरत सहायक शिक्षक स्व. रंजीत राम व विकासखण्ड भैयाथान के शा.उ.मा.वि. सत्यनगर में पदस्थ व्याख्याता स्व.राजू प्रसाद गुप्ता की मृत्यु के पश्चात संवेदना सदस्य शिक्षक अपने दिवंगत साथी के घर पहुच दो मिनट का मौन रखते हुवे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व संवेदना स्वरूप सदस्य शिक्षक धनीराम तथा कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह के हाथों एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

जिले के शिक्षको द्वारा इस योजना अंतर्गत अब तक 19 दिवंगत शिक्षको के परिवार को 19 लाख रुपये प्रदान किया जा चुका है। तीन सौ लोगो के सहयोग से प्रारम्भ हुई इस योजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का फलस्वरूप अब तक दो हजार से अधिक शिक्षक इससे जुड़ चुके है और अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिवार की मदद के लिये सदैव तत्पर रहते है। जिले के अधिकारी कर्मचारियों सहित केबिनेट मंत्री व विधायक महोदय ने भी जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं के इस मानवीय पहल की मुक्त कंठ से सराहना की है। दोनो दिवंगत शिक्षक के परिवार को संवेदना राशि सौपने के लिए इस दौरान संयुक्त संवेदना समिती सूरजपुर के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी,चंद्रदेव पांडेय,लोरेंसिया एक्का, केसरी विश्वकर्मा , विश्वनाथ कुजूर, दुर्गा प्रसाद गुप्ता,जयेश पाठक, दीपक गुप्ता, पारसनाथ राजवाडे, प्रदीप पटेल, धनीराम राजवाडे, बसंत मंडल, धर्मानंद गोजे, रितेश कुमार गुप्ता, प्रतिमा शुक्ला, लिली किरण तिर्की, संजीता खेस , सीमा सिंह, कुमार सिंह, विनय जायसवाल, मनी सिंह, परशुराम, हेमसाय पैकरा, नागेश्वर सिंह, राकेश भवाल, पवन कन्नोजे , अमर सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, गुदवर सिंह, विकास जायसवाल, तामेश्वर कश्यप, पुष्पेन्द्र चौबे , गिरवर यादव, भुवनेश्वर सिंह, मनोज कुशवाहा, राधेश्याम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सुग्रीव कुशवाहा, धीरेंद्र कुशवाहा, ईश्वर सिंह, दिव्यकांत पांडेय,राम यादव, बृजेंद्र भारती, बिरेंद्र कुमार मार्को, श्याम किशोर गुप्ता,व संयुक्त संवेदना समिती के सदस्यगण , दिवंगत शिक्षक साथियों के परिजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन






-संवाददाता-
बलरामपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा जिला संगठक एवं प्राचार्य प्रो. एन.के. देवांगन के मार्गदर्शन में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष जयंती सिंह, प्राचार्य अगस्टीन कुजूर एवं उपस्थित सहायक प्राध्यापकों के द्वारा मां सरस्वती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, राजकीय गीत का गायन कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच प्रदान करता है जिसमें विधार्थी अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखारते हैं इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेविकाओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य अगस्टीन कुजूर ने अपने उद्बोधन में सभी युवा छात्राओं को एक योग्य समाज सेवक बनने और अच्छे व्यक्तित्व विकास हासिल करने के लिए योजना तथा समाज से जुड़ कर कार्य करने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रविशंकर श्रीवास ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संपोषित है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर युवा अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। यह समाज के प्रति जागरुकता लाने की प्रेरणा प्रदान करती है साथ ही अपने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न लाभ से अवगत कराया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ब्लासियुस एक्का, महाविद्यालय के प्राध्यापक अमरदीप एक्का, डॉ. वैभव कुमार, सुश्री गंगोत्री पैंकरा, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. आयुषी गुप्ता, राजेश साहू,पंकज खलखो, हेमंत यादव, हृदयनाथ विश्वकर्मा,ऋषिराज गुप्ता, स्वयं सेविका कविता यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाएं तथा महाविद्यालय के अन्य छात्राएं उपस्थित।

# मुसाफिरी जांच अभियान : अबतक 2859 लोगों का किया गया जांच

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा ÷सजग कोरबा÷अभियान के तहत पुलिस टीम ने होटल लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। आगामी आने वाले त्यौहार को देखते हुए पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें पूछ कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 311 लोगों को किया गया चेक। मुसाफिर चेक करते हुए थाना कोतवाली में 21, चौकी



मानिकपुर में 17, थाना सिविल लाइन में 07, चौकी सीएसईबी में 23, थाना बालको में 20, चौकी राजगामार में 07, थाना उरगा में 19, थाना दर्री में 20, थाना कुसमुंडा में 10, चौकी सर्वमंगला में 15, थाना बांकीमोंगरा में 14, थाना हरदीबाजार में 40, थाना दीपका में 08, थाना कटघोरा में 22, चौकी जटगा में 17, थाना पाली में 25, थाना बागों में 04, चौकी मोरगा में 08, थाना पसान में 06, चौकी कोरबी में 08 लोगों की मुसाफिर चेक किया गया। पुलिस के द्वारा समय-समय पर इस तरीके का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आज दिनांक तक कुल 2859 लोगों को चेक किया गया है। जिसमें फेरी करने वाले सड़क किनारे जड़ी बूटी बेचने वाले कपड़े बेचने वाले खिलौने बेचने वाले तथा गैस चुला आदि रिपेयरिंग करने वालों को चेक किया जाता है। थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी सजग कोरबा अभियान के तहत शहर वासियों को जागरूक करने के लिए इस तरीके का अभियान लगातार चलता रहेगा साथ ही साथ कोरबा पुलिस नागरिकों से यह अपील करती है कि किसी भी प्रकार के ठगी के शिकार होने पर तुरंत नजदीकी थाना या 1930 में फोन करके संपर्क कर सकते हैं।

# विशिष्ट प्रतिभाओं और नवोदित साहित्यकारों का जमघट लगेगा कोसम में

-संवाददाता-
कोरिया,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में 28 और 29 सितम्बर को दो दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव मनाया जाएगा। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किए जा रहे कोरिया साहित्य महोत्सव की आयोजन कर्ता टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि इस बार यह आयोजन अपने आप में साहित्य और संस्कृति का अनूठा संगम होगा। इस आयोजन में सहभागिता के लिए राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार, कलाकर और रचना कर्मी शामिल होने आ रहे हैं। कोरिया जिले में साहित्य की दिशा में नए आयाम के लिए यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि इस आयोजन में साहित्य की सेवा के




लिए राष्ट्रीय पहचान बना चुके गिरीश पंकज, छत्तीसगढ़ी इतिहास के विशेषज्ञ जानकार पूर्व संभाग आयुक्त संजय अलंग, हिंदी साहित्य जगत में विशेष रूप से परिचित द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, प्रख्यात हिंदी लेखिका डॉ सुनीता मिश्रा, प्रोफेसर भागवत दुबे, डॉ राम किंकर पाण्डे, प्रोफेसर बृजलाल साहू जैसे हिंदी विद शामिल होने के लिए पधारेंगे। साथ ही इस आयोजन में परंपरागत नृत्य संगीत नाट्य मंचन किया जाना है। इसके लिए राष्ट्रीय पहचान बना चुकी उदिता चक्रवर्ती, सुगम संगीत में प्रस्तुति के लिए बनारस उत्तर प्रदेश से राघवेंद्र शर्मा,जैसे अनेक कलाकार कोरिया साहित्य महोत्सव की गरिमा बढ़ाने आ रहे हैं।

टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि 28 एवम 29 सितम्बर को जिला पंचायत के आडिटोरियम में दो दिवसीय इस आयोजन में रंगभूमि टीम रायपुर का नाट्य मंचन और लोकरंग की प्रस्तुति के साथ राज्य स्तर पर प्रसंसित ददरिया की प्रस्तुति होगी। इन सबके अलावा पूरे प्रदेश के लगभग 70 से ज्यादा रचनाकार इस आयोजन में अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। साथ ही अनेक गंभीर विषयों पर विद्वानों में परिचर्चा आयोजित किया जाना है। टीम अभिव्यक्ति ने सभी साहित्य प्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है

# कलेक्टर चंदन त्रिपाठी पहुंची स्वास्थ्य मेला शिविर

## हितग्राहिओं को आयुष्मान एवं सिकलसेल कार्ड का किया वितरण, जिले में 30 सितंबर का तक मनाया जायेगा आयुष्मान पखवाड़ा

-संवाददाता-
कोरिया,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम खाड़ा,महोरा,गिरजापुर एवं सरइगहना में आयोजित स्वास्थ्य मेला षिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला में उपस्थित महिलाओं से रूबरू होकर समस्त प्रकार के स्क्रीनिंग कराने की अपिल की। इस दौरान उन्होंने हितग्राहिओं को आयुष्मान एवं सिकलसेल कार्ड का वितरण किया गया।

बता दें कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनातर्गत जिले के विकासखंण्डो में 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में कुल 2 लाख 81 हजार 917 लक्ष्य के



विरूद्ध 2 लाख 51 हजार 304 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। जिले में जनवरी 2024 से अगस्त 2024 तक कुल 24 हजार 967 हितग्राहियों के द्वारा कुल राशि 33 करोड़ 52 लाख 59 हजार 938 तक का निःशुल्क इलाज प्राप्त किया गया है। इस दौरान जिले में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है एवं जन चौपाल, रैलियां एवं हेल्थ कैम्प पारा मोहल्ला में आयोजित किया जा रहा है ताकि छुटे हुए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित हो। आयुष्मान कार्ड हेतु हितग्राही राशन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। जिससे हितग्राही पात्रतानुसार 50 हजार एवं 5 लाख तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत पखवाड़ा में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ-साथ लेपरोसी सर्वे, सीकल सेल जांच, एन.सी.डी. स्क्रीनिंग भी किया जा रहा है।




# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 55 वां राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू की कुशल मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री पूजांजलि भगत सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण में 55 वा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि प्रथमेश मानकर यूनिसेफ जिला सलाहकार एवं अमित घोष डीपीओ उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा बाल विवाह जैसी कुरीतियों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं सेविकाओं के समाज के प्रति कर्तव्य से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा व्यक्तित्व के विकास एवं समाज कल्याण की बात कही गई। डॉक्टर धनंजय पांडे सहायक अध्यापक ने स्व रचित कविता के द्वारा स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉक्टर विनोद कुमार साहू ,पुनीत गुप्ता दिग्विजय सिंह , रोहित सेठ, डॉक्टर एच सी पांडे एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उपसंचालक महिला प्रशिक्षण संस्थान ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन सत्यापन

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

उपसंचालक, क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान श्री किशन क्रांति टंडन द्वारा एकीकृत विकास परियोजना पाली के सेक्टर चैतमा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र छपराहीपारा, सेक्टर माखनपारा के आंगनबाड़ी केन्द्र भदरापारा तथा सेक्टर बक्साही के आंगनबाड़ी केन्द्र चेपा एवं पोंड़ी-उपरोड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघिया के नायकपारा में केन्द्र का निरीक्षण कर बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन किया। इस अवसर पर बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं की गोदभराई कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही हितग्राहियों को पोषण खानपान, स्वच्छता आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपोषण संबंधित खाद्य पदार्थों स्थानीय सब्जियों, फलों एवं



अंकुरित अनाजों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के मध्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई एवं सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनु प्रकाश, जिला महिला बाल विकास अधिकारी गजेन्द्र देव सिंह, परियोजना अधिकारी पाली अन्वेश दीवान एवं सेक्टर पर्यवेक्षक पोंड़ी-उपरोड़ा निशा कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एव सहायिका उपस्थित रहे।

पोषण माह के अंतर्गत जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग व यूनिसेफ से समन्वय कर खेल आधारित शिक्षा परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम के तहत पालक सत्र का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत स्वदेशी खिलौने को बढ़ावा देने के लिए बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए प्रदर्शनी एवं विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। केन्द्रों में पालकों को वर्णमाला चार्ट, पोषण कैल्कुलेटर, गतिविधि कैलेंडर की जानकारी, रिस्पोंसिव पेरेंटिंग के विडियो का प्रदर्शन, विभिन्न पोस्टर, चैम्पियन किट प्रदान, बच्चों से व्यवहार व सरल तरीके से बच्चों के विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग व यूनिसेफ के सहयोग से परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम व ऑनलाईन प्रशिक्षण ''नवांकुर'' का आयोजन बच्चों के पालन पोषण में माता पिता की उत्तरदायी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु किया गया। इसके माध्यम से परिवार के बच्चों का भावनात्मक व शारिरिक जरूरतों के बारे में जानकारी दी गई।

**नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,**

रा.प्र.क्र. 2024050212000 /अ-6 /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 नसीम अंसारी आ0स्व0 मो0 सलीम उम्र, निवासी बरेजपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक द्वारा अनावेदक- श्यामलाल आ0स्व0 गणेश राम, निवासी महामाया रोड, अम्बिकापुर के स्वत्व एवं आधिपत्य की नजूल भूमि शीट नं0 03, मोहल्ला- न्यू महामाया रोड नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं0 1419/4, 1420/6 रकबा क्रमशः 217.8, 217.8 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 09/09/2024 के माध्यम से क्रय कियागया अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत कया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोईदावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14/10/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202409020700140**

विषयः-अ-6अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2023-24
कोलडिहा प.ह.नं.00053(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-सुले मिंज,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक सुले मिंज आ0 बुधू मिंज, निवासी ग्राम कोलडिहा, झिटकुपारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन पेश कर बताया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम कोलडिहा स्थित कुल खसरा नंबर 6 कुल रकबा 3.060 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम त्रुटिवश खुर्ल अंकित हो गया हैजबकि आवेदक का सही एवं वास्तविक नाम सुले मिंज है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/10/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर

# मोडिफाइड सायलेंसरों और प्रेशर हॉर्न पर कार्यवाही

## 14300 रूपए समन शुल्क के साथ कुल 11 पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

ध्वनी प्रदूषण रोकथाम हेतु जिला कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर थाना /चौकी यातायात पुलिस द्वारा मोडिफाइड सायलेंसरो एवं प्रेशर हार्न के विरूद्ध एमवी एक्ट और धारा 106 बीएनएसएस के तहत् जप्ती की कार्यवाही की गई है। कोरबा पुलिस के द्वारा ध्वनी प्रदूषण वाली मोटरसाइकिलों के खिलाफ चलाई गई विशेष अभियान में कुल 11 नग साईलेंसरों एवं साथ में प्रेशर हॉर्न को पुलिस ने कब्जा में लिया। पुलिस के द्वारा इसमें एमवी एक्ट की कार्यवाही की एवं 14,300 रुपए का समन शुल्क लिया गया। इस कड़ी में वाहन चालको को समझाईस भी दिया गया। ज्ञात हो



कि लगातार पूर्व में भी अभियान चलाकर कोरबा पुलिस के द्वारा कुल 59 मॉडीफ़ाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न जप्त किया गया था।इस प्रकार आज दिनांक तक कुल 70 कार्यवाही की गई है। कोरबा पुलिस के द्वारा विभिन्न ऑटो पार्ट्स/ गैरेज दुकानों में भी रेड कार्यवाही की जा रही है और मॉडीफ़ाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न मिलने पर उनके ऊपर भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।कोरबा पुलिस जनता से अनुरोध करती है कि आप सुरक्षित रहें और ध्वनी प्रदूषण वाली मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल न करें और अगर कही मॉडीफ़ाइड साइलेंसर बिक रहा है तो उसकी सूचना हमें दे। इससे आप न केवल अपनी सुरक्षा की गारंटी करेंगे, बल्कि समृद्धि की दिशा में भी मदद करेंगे। हम सभी को एक सुरक्षित और शांत सड़कों की दिशा में एकजुट होकर दुर्घटना मुक्त शहर बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार -2 अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.202210021700118/अ-27 /2022-24

**अंतिम फर्द बंटवारा इश्तहार प्रकाशन**

आवेदक देवीशंकर आ0 राम अचल शुक्ला व अन्य निवासी ग्राम घघरी तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा ग्राम घंघरी स्थित भूमि खसरा नंबर 60/10 रकबा 1.983 हे0 भूमि का आवेदकगण तथा अनावेदिकागण पुष्पा आ0 राम अचल शुक्ला व अन्य 01 निवासी ग्राम घंघरी, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0 के मध्य 1/9 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धरा 178 के तहत प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/10/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नायब तहसीलदार ,अंबिकापुर-02

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी,जशपुर वनमण्डल,जशपुर**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया(जशपुर)में निम्नांकित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें।

डिपो का नाम - काष्ठगार गम्हरिया (जशपुर)
नीलाम दिनांक - 30.09.2024
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 10:00 बजे से

| प्रजाति | नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा | | | | | | मिश्रित जलाऊ लकड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेगरी नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सागौन | 10.388 | 164 | 39.825 | 1093 | 50.213 | 12.50 | पुराना |
| साल | 1080.359 | 2087 | 1730.800 | 787 | 2811.159 | 28.74 | 0 |
| बीजा,शीशम खम्हार | 0.000 | 0 | 0.000 | 20 | 0.000 | 20 | नया |
| अन्य प्रजाति | 9.125 | 736 | 48.404 | 559 | 57.529 | 1295 | 0 |
| **योग** | **1099.872** | **29.87** | **1819.029** | **24.59** | **2918.901** | **54.46** | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| नया चिरान काष्ठः- | 0 | 0 | घ.मी. |
| पुराना चिरान काष्ठः- | 2 | 0.207 | घ.मी. |
| योगः- | **2** | **0.207** | घ.मी. |

टीपः-उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है
नीलाम शर्तेः-नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठगार, गम्हरिया एवं वनमण्डल कार्यालय जशपुर से प्राप्त की जा सकती है। क्रेताओं को आयकर पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. पंजीयन 2024 की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। लॉट स्वीकृत होने पर प्राप्त काष्ठ का विक्रय मूल्य 18% GST एवं 2.50% आयकर का भुगतान करना होगा। ई.एम.डी. 25 प्रतिशत की राशि का भुगतान किसी अधिसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक का रेखित बैंक ड्राफ्ट या मल्टी सिटी चेक जो वनण्मडलाधिकारी जशपुर वनमंड जशपुर के नाम से जशपुर में देय मान्य होगा ।

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर

जी.नंबर-242502752/4

# रवींद्र जडेजा ने आईसीसी रैंकिंग में किया बड़ा कारनामा

**नईदिल्ली,25 सितंबर 2024 ।** टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद अब रवींद्र जडेजा का सारा फोकस टेस्ट और वनडे पर है। इस बीच बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए टेस्ट के बाद आईसीसी की ओर से जो नई रैंकिंग जारी की गई है, उसमें जडेजा ने नया कीर्तिमान रचने का काम किया है, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था। आर अश्विन ने भी काफी सुधार किया है।

### जडेजा ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन

आईसीसी की ओर से जारी की गई नई टेस्ट रैंकिंग में अगर ऑलराउंडर्स की बात की जाए तो रवींद्र जडेजा यहां पर पहले नंबर पर हैं। वैसे तो जडेजा पहले से ही नंबर वन पर हैं, लेकिन इस बार की रैंकिंग में उनकी रेटिंग 475 हो गई है। जो उनकी ऑल टाइम हाई रेटिंग है। इससे पहले वे यहां तक कभी नहीं पहुंचे हैं। खास बात ये भी है कि अभी बांग्लादेश के ही खिलाफ दूसरा टेस्ट होना है, जो 27 सितंबर से कानपुर में खेला



जाएगा। इसमें भी जडेजा का खेलना करीब करीब तय है। अगर भारत की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव हुए भी तो जडेजा का बाहर बैठना नामुमकिन सा नजर आ रहा है। यानी जडेजा के पास अपने नंबर और भी बेहतर करने का मौका है। वे एक भी रेटिंग अंक बढ़ाएंगे तो भी वे अपनी ऑल टाइम हाई रेटिंग पर पहुंच जाएंगे।

### अश्विन दूसरे नंबर पर काबिज,रेटिंग में हुआ फायदा

मजे की बात ये भी है कि चेन्नई टेस्ट में जडेजा के जोड़ीदार रविचंद्रन अश्विन ने भी जहां एक ओर बल्ले से शतक जड़ा, वहीं बॉल से भी पांच विकेट चटकाए, बावजूद इसके जडेजा और अश्विन में रेटिंग का काफी फर्क है। जहां जडेजा की रेटिंग 475 की है, वहीं अश्विन की रेटिंग 370 की है। इससे पहले अश्विन की रेटिंग इससे भी कम थी, इसके बाद भी वे नंबर दो पर थे। जो अब सुधर गई है। कानपुर टेस्ट में अश्विन भी खेलते हुए दिखाई देंगे।

### बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में किया था कमाल का प्रदर्शन


बांग्लादेश के खिलाफ इन दोनों के प्रदर्शन की बात की जाए तो जडेजा ने पहली पारी में 86 रन बनाए थे, वहीं अश्विन ने 113 रनों की शानदार पारी खेली थी। मैच की पहली पारी में अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन जडेजा ने दो विकेट लिए थे। मैच की दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने 3 और रविचंद्रन अश्विन ने 6 विकेट अपने नाम किए थे। हालांकि मैच की दूसरी पारी में इनकी बल्लेबाजी नहीं आई।



## कमबैक हो तो ऋषभ पंत जैसा

**नईदिल्ली, 25 सितंबर 2024 ।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का साल 2022 दिसंबर महीने में कार से एक्सीडेंट होने के बाद उन्हें मैदान पर वापसी करने में काफी लंबा समय लग गया। पंत इस साल खेले गए आईपीएल के साथ मैदान पर वापसी करने के बाद फिर उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की। वहीं लगभग 2 साल के समय के बाद ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में खेलते हुए इस फॉर्मेट में भी वापसी कर ली। पंत ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने के साथ चेन्नई टेस्ट में टीम इंडिया की दूसरी पारी में धमाकेदार अंदाज में शतकीय पारी खेली और सभी को अपने कमबैक का एहसास भी कराया। वहीं अब आईसीसी की तरफ से जारी की गई लेटेस्ट टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत ने टॉप-10 में भी अपनी वापसी की है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### 18 वर्षीय द्रोण देसाई ने खेली 498 रन की पारी

#### हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नईदिल्ली, 25 सितंबर 2024 ।** गुजरात के गांधीनगर में दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टी-डे टूर्नामेंट के दौरान अविश्वसनीय पारी देखने को मिली।दरअसल, सेंट जेवियर्स स्कूल के द्रोण देसाई ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ 498 रन की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।18 वर्षीय ये बल्लेबाज 500 रन की पारी खेलने से चूक गया।बता दें, यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है।रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐतिहासिक पारी के बाद देसाई ने कहा, मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे सूचित नहीं किया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं अपना स्ट्रोक खेलने गया और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा।

### भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए न्यूनतम 8400 रूपये का टिकट

**लंदन, 25 सितंबर 2024 ।** अगले साल भारत के ख़िलाफ़ होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने न्यूनतम 90 यूरो (लगभग 8400 रूपये) का टिकट निर्धारित किया है, जिसकी ख़ासी आलोचना हो रही है। वहीं प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों का मूल्य 120 यूरो से 175 यूरो (11,200 रूपये से 16,330 रूपये) है।



आलोचकों का कहना है कि इस साल श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के 115 यूरो से 140 यूरो (10,730 रूपये से 13065 रूपये) के टिकट मूल्य निर्धारित किए गए थे, जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। चौथे दिन का खेल देखने के लिए सिर्फ़ 9000 टिकट बिके थे, जो कि स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था।

## भारत और बांग्लादेश के बीच टी 20 छह अक्टूबर से

**नईदिल्ली, 25 सितंबर 2024 ।** भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद दोनों टीमों के बीच 6 अक्टूबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। एक तरफ जहां सभी फैंस की नजरें 27 अक्टूबर से शुरू होने वाले टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले पर हैं तो वहीं इस पर भी है कि चयनकर्ता टी20 सीरीज के लिए कब तक टीम का ऐलान करते हैं और उसमें किन प्लेयर्स की वापसी देखने को मिलेगी। मेहमान टीम बांग्लादेश की तरफ से भी अभी तक टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान नहीं किया गया है। बांग्लादेश की टीम टी20 फॉर्मेट में पिछले कुछ सालों में बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब हुई है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में खेलने वाली टीम इंडिया इस सीरीज में उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।

### भारत बनाम बांग्लादेश के बीच टी 20 सीरीज का रहेगा ये पूरा शेड्यूल

तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत और बांग्लादेश के बीच पहला मुकाबला ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में 6





अक्टूबर को खेला जाएगा। वहीं इसके बाद दोनों ही टीमों के बीच सीरीज का दूसरा टी20 मुकाबला देश की राजधानी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 9 अक्टूबर को होगा जबकि इस सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। ये सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे, जिसमें टॉस शाम 6:30 पर होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच पिछला टी20 मुकाबला इसी साल जून महीने में हुए वर्ल्ड कप के दौरान खेला गया था जिसे टीम इंडिया ने बड़ी ही आसानी से 50 रनों से अपने नाम किया था।

### भारत का अब तक रहा बांग्लादेश के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन

टी20 इंटरनेशनल में भारत और बांग्लादेश के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड देखा जाए तो उसमें साफतौर पर टीम इंडिया का पलड़ा भारी दिखाई पड़ता है, जिसमें दोनों टीमों के बीच अब तक 14 मुकाबले इस फॉर्मेट में खेले गए हैं और उसमें से 13 बार भारतीय टीम जीत हासिल करने में कामयाब हुई तो वहीं बांग्लादेश एक मैच ही जीत सकी। साल 2019-20 में भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज खेली गई थी जो दिल्ली में खेले गए पहले मुकाबले को बांग्लादेश की टीम 7 विकेट से अपने नाम करने में कामयाब रही थी जो उनकी अब तक भारत के खिलाफ ये इस फॉर्मेट में एकमात्र जीत है।



## टूर्नामेंट में अपना छाप छोड़ने के लिए यह सबसे अच्छी टीम

**नईदिल्ली, 25 सितंबर 2024 ।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भरोसा जताया है कि टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में अपना छाप छोडने के लिए यह सबसे अच्छी टीम है। भारतीय कप्तान का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इस बात से अवगत होगी कि हम उन्हें मजबूत चुनौती दे सकते हैं। महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत यूएई में तीन अक्तूबर से हो रही है।

हरमनप्रीत की टीम को मुख्य चुनौती इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में भी आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत को हराने का तरीका ढूंढ लिया है। भारतीय कप्तान का लक्ष्य अच्छा क्रिकेट खेलना और ऑस्ट्रेलिया जैसी कठिन टीम को हराना है। वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब उसे खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने 2017 में महिला वनडे विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उपविजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरमनप्रीत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम अच्छी है। वे यह भी जानते हैं कि भारत उन टीमों में से है जो उसके सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।

## ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूर्नामेंटः निहाल

**लंदन, 25 सितंबर 2024 ।** ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूर्नामेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं टूर्नामेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं।



अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं।

सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है।

निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है। इस लीग में स्कोरिंग सिस्टम अलग-अलग रंगों में शैली में बदलाव को आमंत्रित करता है, जिससे यह और भी ज्यादा रोमांचक हो जाता है। योजनाएं लगातार विकसित होती रहती हैं। हालांकि अन्य खेलों को ट्रैक करना मुश्किल है, लेकिन मैं खिलाड़ियों की कुछ चालों से कुछ चीजें सीखने की कोशिश करता हूं ताकि यह पता चल सके कि क्या चल रहा है।

दुबई में ग्लोबल चेस लीग के पहले सीजन ने दुनिया भर के शतरंज प्रशंसकों की कल्पना को आकर्षित किया। इसने दुनिया भर के लोगों का ध्यान इस खेल की ओर खींचा। निहाल ने कहा कि लीग प्रशंसकों के लिए खेल को रोमांचक बना रही है।



## चीन के शांग ने मुसेट्टी को हराकर जीता चेंगदू ओपन का खिताब

**चेंगदू (चीन), 25 सितंबर 2024 ।** चीनी टेनिस खिलाड़ी शांग जुनचेंग ने मंगलवार को एटीपी चेंगदू ओपन में इतिहास रच दिया। उन्होंने इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(4), 6-1 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता।मैच के बाद, शांग ने घरेलू धरती पर अपना पहला खिताब जीतने पर अपनी खुशी व्यक्त की। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, यह रात अद्भुत है।आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अगले साल मिलते हैं! उभरते सितारे शांग 2021 में यूएस ओपन जूनियर उपविजेता रहे और 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना ग्रैंड स्लैम डेब्यू किया।

## विराट कोहली से प्रेरित हैं भारतीय महिला टीम की राधा यादव

**नई दिल्ली, 25 सितंबर 2024 ।** मार्च में महिला प्रीमियर लीग एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, जेमिमा रोड्रिग्स ने खुलासा किया कि बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की यूट्यूब व्यूइंग हिस्ट्री में विराट कोहली की आक्रामकता वाले वीडियो' भरे पड़े हैं।

उस समय राधा ने कहा, किसी को थोड़ा उत्साहित होना पड़ता है, और वह मेरा आदर्श है। इसलिए, मैं हमेशा हर मैच से पहले उसे देखती हूं और मैदान में उसके जुनून को देखती हूं। मैं वास्तव में उससे बहुत जुड़ सकती हूं और इसलिए मैं उनके वीडियो देखती हूं।

अब, यूएई में महिला टी20 विश्व कप शुरू होने में 10 दिन से भी कम समय बचा है, सफेद शर्ट और काली जींस पहने, राधा क्का क्लोथिंग के लिए एक विज्ञापन शूट के दौरान मुस्कुराती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसका संग्रह उनके अनुसार उनके स्टाइल को दर्शाता है ङ्क सरल लेकिन बोल्ड।

मेरे लिए फैशन का मतलब सशक्त महसूस करना है। जब मैं कुछ ऐसा पहनती हूं जो मुझे अच्छा महसूस कराता है, तो मैं उस आत्मविश्वास को अपने साथ लेकर चलती हूं, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में। यह जुड़ाव स्वाभाविक लगता है क्योंकि उनके कपड़े मुझे घूमने-फिरने, सहज महसूस करने और फिर भी स्टाइलिश दिखने की आज़ादी देते हैं, चाहे कोई भी अवसर हो।



उसके दाहिने हाथ पर गुलाब और कम्पास वाला टैटू तुरंत ध्यान आकर्षित करता है। राधा टैटू के पीछे का अर्थ साझा नहीं करना चाहती, कहती है कि खेल में उसकी अत्यधिक रुचि ने उसे यह टैटू बनवाने के लिए प्रेरित किया।



## संजीव कुमार को घर पर नहीं मिली नॉनवेज खाने की इजाजत तो किराए पर ले डाला फ्लैट,सुबह 5 बजे तक छलकते थे जाम

दिवंगत एक्टर संजीव कुमार अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते थे। पर्दे से इतर, उन्हें खाने का बहुत शौक था। एक्टर सचिन पिलगांवकर ने हाल ही में खुलासा किया कि संजीव कुमार को नॉनवेज खाना बहुत पसंद था। चूंकि उनके घर पर मांसाहारी भोजन की इजाजत नहीं थी, इसलिए संजीव कुमार ने एक अलग फ्लैट ही किराए पर ले लिया था, ताकि वो वहां आराम से मांस-मच्छी खा सकें और उनका घर भी शुद्ध रहे।

सचिन पिलगांवकर ने कुणाल विजयकर के यूट्यूब चैनल पर संजीव कुमार के इस शौक के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया, उन्होंने खाने के लिए दूसरा घर ले लिया था। एक्टर ने याद करते हुए कहा, उन्होंने पाली हिल में एक घर किराए पर लिया था, जो 1-बीएचके फ्लैट था। उन्होंने ये घर सिर्फ मांसाहारी खाने के लिए लिया था, क्योंकि उनके घर पर मांसाहारी भोजन की अनुमति नहीं थी।

### दिग्गज सितारे मिलकर छलकाते थे जाम

सचिन ने उन दिनों की यादें भी ताजा कीं, जब दिग्गज सितारे सुबह खाने-पीने के लिए एक साथ इकट्ठा होते थे। उन्होंने कहा, तो वो पाया, निहारी मंगवाते थे। संजीव कुमार, शम्मी कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, रणधीर कपूर और मैं, हम सब वहां साथ में खाना खाते थे। पाया को 4-5 बार गर्म करना पड़ता था, क्योंकि हम सुबह 5 बजे तक पीते रहते थे और फिर हम पया खाते थे। हम इसे बेकरी नान के साथ खाते थे और इसका आनंद लेते थे।

### किसी और के घर पर नॉनवेज नहीं खा पाते थे संजीव कुमार

सचिन से पहले दिग्गज एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू ने फिल्मफेयर से बातचीत में संजीव कुमार के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, हरि (संजीव कुमार) खाने के शौकीन थे। उनके लिए सबकुछ खाने से ही जुड़ा था। गुजराती ब्राह्मण होने के बावजूद उन्हें मांसाहारी खाना बहुत पसंद था। अगर वो किसी और के घर पर होते थे, तो नॉनवेज ठीक से नहीं खा पाते थे। इसलिए वो घर आते और हम उनके लिए डिशेज बनवाते।

### नॉनवेज खाने मौसमी चटर्जी के घर पहुंच जाते थे संजीव

एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी ने भी 2019 में एफटीआईआई में एक चैट में संजीव के खाने के लिए प्यार के बारे में जिक्र किया था, हरिभाई को मांसाहारी भोजन बहुत पसंद था, लेकिन वह इसे घर पर नहीं खा सकते थे। वह कभी भी मेरे घर आ जाते थे और यहां तक कि अगर मैं और मेरे पति किसी पार्टी के लिए जा रहे होते थे, तो वह आकर कहते थे, मैं फिल्में लेकर आया हूं, अगर आपको कोई आपत्ति न हो, तो फ्रिज में नॉन-वेज है क्या?

## हू-ब-हू माधुरी दीक्षित लगती थी ये एक्ट्रेस

### शाहरुख खान को किया था रिजेक्ट,अब कहां गायब है ये हसीना

फिल्म इंडस्ट्री में कई हीरोइनें आईं और गईं। कुछ की खूबसूरती की आज भी दुनिया कायल है तो वहीं कई ऐसी भी रहीं जिन्हें हमशक्ल कह दिया दिया गया। एक ऐसी ही हीरोइन के बारे में आज बात करेंगे, जो माधुरी दीक्षित की हमशक्ल कहलाईं और सफल फिल्मों के बाद भी अपनी अलग पहचान बनाने में खासा कामयाब नहीं हो सकीं। साल 1992 में आई फिल्म %जान तेरे नाम% से डेब्यू करने के बाद यह अभिनेत्री 1990 के दशक में जाना-माना नाम बन गई थी। इस फिल्म ने उन्हें मशहूर किया, लेकिन इस फिल्म की रिलीज से ही उनकी तुलना माधुरी दीक्षित से होने लगी। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि फरहीन खान हैं।



अभिनेत्री फरहीन खान की तुलना अक्सर माधुरी दीक्षित से की जाती थी, क्योंकि उनके चेहरे की बनावट और हाव-भाव एक जैसे थे। ऐसे में उन्हें माधुरी की हमशक्ल कहा जाने लगा। 'जान तेरे नाम' की सफलता और गाने %पहली बार देखा तुम्हें% की लोकप्रियता के बावजूद, उनका करियर माधुरी की तरह ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच पाया। फरहीन कुछ और फिल्मों में भी नजर आईं और फिर गायब हो गईं। फरहीन खान ने 1993 में रिलीज हुई 'सैनिक' में अक्षय कुमार की बहन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनके किरदार को सराहा गया। बॉलीवुड के अलावा फरहीन साउथ की फिल्मों में भी खूब काम कर रही थीं और वहीं उन्हें असल सफलता भी मिली। साल 1993 में ही उन्होंने कमल हासन के साथ फिल्म की, जिसका नाम 'कलैगनन' था। दिलचस्प बात यह है कि उसी साल फरहीन को शाहरुख खान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म बाजीगर में सीमा का रोल ऑफर किया गया था, जो बाद में शिल्पा शेट्टी को मिल गया। हालांकि, उन्होंने इसके बजाय 'कलैगनन' में काम करना चुना, जो उस समय तमिल सिनेमा की सुपरहिट फिल्म कहलाई। फरहीन खान अब फिल्मों से दूर हैं। उन्होंने शादी करने के बाद एक्टिंग से पूरी तरह किनारा कर लिया।

भारतीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से फरहीन खान प्यार में थी। शादी करने के लिए फरहीन खान ने अपना करियर पीक पर छोड़ दिया। वो हमेशा से फैमिली वुमन बनना चाहती थी। उन्होंने कई इंटरव्यू में बताया भी कि वो एक टूटे परिवार से आती थीं, इसलिए वो अपना खुशहाल परिवार बनाना चाहती थीं। शादी के बाद वो मुंबई से मनोज प्रभाकर के साथ दिल्ली आ गईं। उनके दो बेटे राहिल और मानवांश हैं। फरहीन ने अपना बिजनेस कर रही हैं। ऑर्गेनिक स्किनकेयर लाइन की वो मालकिन हैं। इसके साथ फरहीन नैनीताल में एक होमस्टे चलाती हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें



### सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

**रायपुर,25 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की अधिकारी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की करीबी अधिकारी सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दी। दिसंबर 2022 में ईडी ने गिरफ़्तार किया था। जमानत पर आने के बाद भी सौम्या चौरसिया निलंबित रहेंगी। ईडी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में हुए कोयले घोटाले में सौम्या चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है। मामले में किगपिन सूर्यकांत तिवारी के ऊपर सौम्या चौरसिया का प्रशासनिक सपोर्ट बताया गया है।

### पेट्रोल माचिस लेकर पहुंची एक महिला ने आत्मदाह की कोशिश



**बिलासपुर,25 सितम्बर 2024(ए)।** बिलासपुर कलेक्ट्रेट में आज उस वक्त हड़कंप मैच गया जब पेट्रोल और माचिस लेकर पहुंची एक महिला ने आत्मदाह की कोशिश की। महिला ने कलेक्ट्रेट में आवास की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान कुछ समय के लिए कलेक्टोरेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई, गनीमत रही की मौके पर मौजूद लेडी कॉन्स्टेबल ने उसे समय रहते रोक लिया और उसके पास से पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस छीन ली। जानकारी के अनुसार चांटीडीह में हाल ही में अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान महिला का घर तोड़ा गया था और उसे अब तक दूसरी जगह पर आवास अलॉट नहीं किया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई है और महिला को समझाने की कोशिश करती रही।

### महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी और राज्य सरकार ने अपनी कार्रवाई को बताया वैध




**बिलासपुर,25 सितम्बर 2024(ए)।** महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल द्वारा ईडी के वारंट के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार का जवाब आने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।कोर्ट में लगातार दो दिनों तक हुई सुनवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य शासन ने अपना पक्ष रखते हुए की गई कार्रवाई को वैधानिक और न्यायसंगत बताया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने निर्णय को सुरक्षित रखा है।

### पूर्व आईएएस अशोक अग्रवाल को छगन लाल मूंदा ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



**रायपुर,25 सितम्बर 2024(ए)।** वरिष्ठ भाजपा नेता छगन लाल मुंदड़ा ने वरिष्ठ अधिकारी आईएएस अशोक अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई साथ में वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज खुडिया, राजु राव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थेसेवानिवृ‍े त आईएएस अशोक कुमार अग्रवाल (एके अग्रवाल) ने आज बीजेपी का दामन थाम लिया। अग्रवाल राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस बने थे। वे राजनांदगांव कलेके टर रहने के साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव सहित कई पदों पर काम किए हैं।

सरकार ने 2017 में उन्हें राज्य सूचना आयुक्े त बनाया था। आयोग में उनका कार्यकाल 23 नवंबर 2022 को खत्म हो चुका हे। बीजेपी के वरिष्ठ नेता छगल मुंदड़ा ने आज अग्रवाल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। अग्रवाल मूल रुप से छ‍े तीसगढ़ के रहने वाले हैं। बता दें कि बीजेपी ज‍े वाइन करने वाले दो पूर्व आईएएस इस वक्‍े त विधायक हैं। इनमें ओपी चौधरी राज्य सरकार में मंत्री हैं, जबकि नीलकंठ टेकाम विधायक हैं।

# स्कूलों की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने उठाये सवाल

» जवाब देते नहीं बन रहा है जिम्मेदार अफसरों को...

» जस्टिस ने कहा...शिक्षा व्यवस्था का ये हाल है तो कैसे काम चलेगा...



**रायपुर,25 सितम्बर 2024 (ए)।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों की स्थिति काफी दयनीय होती जा रही है। बीते कुछ सैलून से ऐसे अनेक मामले सामने आये जिससे इस बात का अहसास होता है कि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और जिम्मेदार अफसरों का शिक्षा अमले पर कोई कंट्रोल नहीं रह गया है। हाल के मामलों, यथा स्कूल में बीयर पार्टी, डीई ओ की फटकार से बहे छात्राओं के आंसू, दूरस्थ अंचल के स्कूलों में सैकड़ों स्कूलों में शिक्षक का अभाव, वहीं शहरी इलाके के स्कूलों में जरुरत से ज्यादा शिक्षकों की पोस्टिंग, इन सभी मामलों को हाई कोर्ट ने संज्ञान में लिया है और जनहित याचिका दायर कर जिम्मेदार अफसरों पर नाराजगी जताई है।

### स्कूल में बीयर पार्टी... प्राचार्य के खिलाफ एक्शन

बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र के हाईस्कूल में छात्राओं की बीयर पार्टी के मामले में भी सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने इसे सेंसेटिव मामला बताकर लाइव स्ट्रीमिंग बंद कर सुनवाई की। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच रिपोर्ट मंगाई थी,जिसमें इस अव्यवस्था के लिए प्राचार्य को जिम्मेदार माना गया है। लिहाजा, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

### शिक्षकों की कमी और छात्राओं को जेल भेजने की धमकी

पिछले दिनों राजनादगांव में शिक्षकों की मांग करने वाली स्कूली छात्राओं को डीईओ ने डांटते हुए जेल भेजने की धमकी दे दी थी। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए छात्राएं बिलख पड़ीं। इस खबर को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई है।

इस दौरान सरकार की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में 297 स्कूल शिक्षकविहीन हैं, जहां वैक्लिपक व्यवस्था की गई है। इनमें से 60 स्कूलों में स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। आसपास पोस्टेड टीचर इन शिक्षकविहीन स्कूलों में पढ़ाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि एक-एक शिक्षक के ऊपर दो-दो स्कूलों का प्रभार है।कोर्ट को यह भी बताया गया कि कलेक्टर और स्थानीय प्रशासन ने जानभागीदारी समिति के जरिए अस्थाई टीचर की व्यवस्था भी की है। दूरस्थ और नक्सल प्रभावित स्कूलों में शिक्षा दूत नियुक्त किए गए हैं।

इस तरह की वैकल्पिक व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने सवाल उठाया है। शासन का जवाब सुनकर हाईकोर्ट ने हैरानी जताई। चीफ जस्टिस सिन्हा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का ये हाल है तो कैसे काम चलेगा।

### कोर्ट ने सचिव से मांगा जवाब

डिवीजन बेंच ने शिक्षा विभाग के सचिव को शपथपत्र के साथ यह बताने के लिए कहा है कि प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए भर्ती कब तक होगी। इसके लिए चल रही प्रकिया की जानकारी भी मंगाई है। प्रकरण की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।

### अतिशेष शिक्षकों की संख्या 6406...

शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों पर नजर डालें तो एक ओर जहां एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन स्कूलों की संख्या है, उसके मुकाबले स्कूलों में स्वीकृत पद से अधिक शिक्षक हैं। इनकी पदस्थापना करने का आदेश था, लेकिन विरोध के चलते इसे ठन्डे बास्ते में डाल दिया गया है। अतिशेष शिक्षक प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में हैं।

### प्रदेश के सरकारी स्कूलों का हाल

हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई में राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि राज्य में 48548 सरकारी स्कूल हैं। इनमें से करीब 5484 स्कूल में केवल एक ही शिक्षक पदस्थ हैं। जबकि 297 स्कूल शिक्षक विहीन हैं।

साथ ही अधिकारियों ने यह भी दलील दी है कि शिक्षक विहीन स्कूलों का अर्थ यह नहीं है कि स्कूल में शिक्षा देने के लिए कोई शिक्षक नहीं है। बल्कि अन्य स्कूलों में जो शिक्षक अतिशेष हैं,उन्हें इन स्कूलों में शिक्षा देने के लिए भेजा जाता है। इस जवाब के आधार पर कोर्ट ने पूछा है कि कितने अतिशेष शिक्षक ऐसे स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव से पूछा था कि 297 शिक्षक विहीन स्कूलों में कितने अतिशेष शिक्षकों को पढ़ाने के लिए तैनात किया गया है? शपथ पत्र के साथ इस संबंध में सूची दी जाये।

### अफसरों के रवैए से हाईकोर्ट नाराज


राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ की छात्राएं स्कूल में शिक्षक नहीं होने पर नियुक्ति की मांग को लेकर जिला शिक्षाधिकारी से मुलाकात करने गई थीं। छात्राओं का कहना था कि बिना शिक्षक के उन्होंने 11 वीं पास कर ली है, लेकिन 12 वीं की परीक्षा कैसे पास कर पाएंगी। छात्राओं की इस जायज मांग पर जिला शिक्षाधिकारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि, जिंदगी भर जेल में रहोगे तो समझ में आएगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अफसरों के रवैए को लेकर नाराजगी जताई है।

### शिक्षकों के हजारों पद हैं रिक्त

प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 1580 शिक्षकों की कमी है। इनमें 138 व्याख्याता,358 शिक्षक और 1084 पद सहायक शिक्षक के खाली पड़े हैं। इधर, प्राचार्य 95 और प्रधान पाठक के 149 पद खाली हैं। स्कूलों में चपरासी के 999 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 533 कार्यरत हैं,जबकि 466 पद खाली पड़े हैं। जिले में 1113 प्रायमरी स्कूल 518 मिडिल 104 हाई और 123 हायर सेकेंड्री स्कूल है। शिक्षकों की कमी का असर पढ़ाई पर पड़ रहा है।

# देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ ने पाया स्थान

### उत्तरप्रदेश को पीछे छोड़ा



**रायपुर,25 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य ने रोजगार सृजन के मामले में देश भर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफ एस) की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। राज्य में चल रहे रोजगार सृजन और विकास प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ अब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ चुका है, जो बेरोजगारी दर के मामले में राज्य की बड़ी सफलता को दर्शाता है। ग़ौरतलब है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा पीएलएफएस के लिए नमूना सर्वेक्षण और डेटा संग्रह का कार्य किया जाता है। जो कि भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

### रोजगार सृजन में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण प्रगति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। सरकार ने हाल ही में पुलिस, स्वास्थ्य, पीएचई (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) और पंचायत विभागों में 1,068 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी है। इन भर्तियों से राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर मिलेंगे, जिससे राज्य की विभिन्न योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने इस बात पर जोर दिया है कि यह पहल राज्य के विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने खासतौर पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। सरकार ने स्वरोजगार और कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, ताकि गांव के युवाओं को अपने ही इलाके में काम करने का अवसर मिल सके और उन्हें महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े।

### पीएलएफएस रिपोर्ट में अन्य राज्यों की स्थिति

पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफ एस) की रिपोर्ट ने देश भर के विभिन्न राज्यों में बेरोजगारी के आंकड़ों का भी खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, केरल में बेरोजगारी दर सबसे अधिक रही, जहां 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर 29.9त्न दर्ज की गई। केरल में महिलाओं में बेरोजगारी दर 47.1त्न और पुरुषों में 19.3त्न रही। इसके अलावा, लक्षद्वीप में बेरोजगारी दर सबसे अधिक 36.2 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूहमें यह दर 33.6प्रतिशत रही। इसके विपरीत, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य सरकार की रोजगार सृजन नीतियों की सफलता का प्रतीक है।

### शिक्षा और कौशल विकास पर जोर

छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में माना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास करें, जिससे वे नए उद्योगों में काम करने के लिए तैयार हो सकें। राज्य में कई कौशल विकास केंद्र खोले गए हैं, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीकों और कौशलों की शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठा सकें।

### छत्तीसगढ़ का विकास और प्रधानमंत्री मोदी का विज़न

छत्तीसगढ़ राज्य, जो कि पहले से ही अपने प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब रोजगार सृजन और विकास के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी साकार कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के जरिए सरकार ने राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार देश के हर कोने में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है, छत्तीसगढ़ सरकार उसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दिशा में प्रदेश के प्रत्येक गांव में रोजगार सृजन की योजनाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया है, ताकि राज्य का हर युवा आत्मनिर्भर बन सके और राज्य का विकास तेज़ी से हो सके।



### साय कैबिनेट में मंत्री के दो पद खाली
### नए मंत्रियों के शपथ को लेकर बीजेपी में मंथन शुरू

**रायपुर,25 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय कैबिनेट में मंत्री के दो पद खाली हैं। नए मंत्रियों के शपथ को लेकर बीजेपी में मंथन शुरू है। छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतीन नबीन चाह रहे समय को देखते मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर दिया जाना चाहिए। मगर पार्टी का एक वर्ग इस पर असमंजस में दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट में मुख्यमंत्री को छोड़कर 12 मंत्रियों का कोटा है। याने 1 प्लस 12। कैबिनेट में इस समय दो पद रिक्त हैं। विदित हो कि दिसंबर 2023 में विष्णुदेव साय सरकार के गठन के समय एक पद खाली रखा गया था। और दूसरा,बृजमोहन अग्रवाल के सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुआ। याने छत्तीसगढ़ में इस समय 10 मंत्री हैं। अरुण साव, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन, टंकराम वर्मा और लक्ष्मी राजवाड़े। मंत्री बनने वाले विधायकों को लेकर अटकलों का दौर भी जारी रहा। मई में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद मंत्रिमंडल के पुनर्गठन की चर्चाएं और तेज हुई थी। मगर बाद में इस पर विराम लग गया कि अब नगरीय निकाय चुनाव के बाद ही दो नए मंत्री बनाए जाएंगे। लेकिन, बीजेपी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव से पहले नए मंत्रियों की संभावना समाप्त नहीं हुई है। अलबत्ता,पार्टी में चर्चाओं का दौर जारी है। सो, सियासी पंडितों का कहना है कि यदि नगरीय निकाय चुनाव से पहले भी दो नए मंत्रियों का शपथ दिला दी जाए, तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। आखिर, दो मंत्रियों की कमी से मंत्रिमंडल के सदस्यों पर वर्कलोड काफी बढ़ गया है। नए मंत्रियों को काम समझने में टाईम लग रहा है। बीजेपी के सीनियर नेता इस बात से अनभिज्ञ नहीं कि कुछ मंत्रियों की विभागों पर पकड़ नहीं बन पाई है तो कुछ ट्रांसफर,पोस्टिंग में अपना वक्त जाया कर रहे हैं।

# राज्य के 78 स्कूल बनेंगे मॉडल स्कूल

» सीएम ने पीएम मोदी का जताया आभार

**रायपुर,25 सितम्बर 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 78 और स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पीएम श्री योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 263 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गए थे, नई स्वीकृति मिलने से यह संख्या बढ़कर अब 341 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार नए फैसले ले रहे हैं। पीएम श्री योजना के माध्यम शैक्षणिक अधोसंरचना एवं शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास निश्चित रूप से विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का भी आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 211 तथा तृतीय चरण में 52 और चौथे चरण में 78 शालाएं स्वीकृत की गई है। चौथे चरण में शामिल सभी 78 शालाएं कक्षा पहली से 12 वीं तक की हैं। प्रथम चरण में पीएम श्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा चुका है, वहीं तृतीय चरण में स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।





### टीआई लाइन अटैच
### बेहोश होते तक किशोर को पीटा

**राजनांदगांव,25 सितम्बर 2024 (ए)।** गर्लफ्रेंड से मिलने गए बॉयफ्रेंड को पुलिस ने जमकर पीटा है। मारपीट में युवक का सिर फूट गया है। शरीर के कई हिस्सों में गहरे जख्म के निशान हैं। घायल नाबालिग के मुताबिक थाने में उसकी प्रेमिका से भी पिटवाया गया। मामला छुरिया थाना क्षेत्र का है। नाबालिग ने बताया कि पुलिस ने लड़की से मुझे कई थप्पड़ मरवाए हैं। पुलिसवाले ने जूते पहने पैरों से मेरे पैरों को दबाकर पीटा। पाइप से शरीर के अलग-अलग हिस्सों में मारा। सिर को दीवार पर पटका, जिससे खून बहने लगा।

# डिप्टी रेंजर समेत वन कर्मचारियों को रेत माफियाओं ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा



**कवर्धा,25 सितम्बर 2024 (ए)।** कवर्धा जिले के वनांचल क्षेत्र के डालामौहा गांव में रेत माफियाओं को पकड़ने गए वन निगम के डिप्टी रेंजर और एक कर्मचारी के ऊपर माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया। इससे दोनों लहू लुहान होकर बेहोश हो गए। इसी बीच आरोपियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए डालामौहा गांव से कामठी गांव में छोड़कर भाग निकले।प्रदेश में रेत माफिया लगातार सक्रिय हैं, नदियों से अवैध रूप से रेत निकालने का काम जारी है। इसी बीच रेत माफियाओं ने वन निगम के डिप्टी रेंजर और एक कर्मचारी पर जानलेवा हमला किया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने फिलहाल 18 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मुखबिर से ग्राम डालामौहा के कुदूर झोरी नाला से रेत निकालकर परिवहन करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद देर रात वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर गणेश चन्द्रवंशी, निगम के सात वन रक्षकों के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्हें रेत माफियाओं ने दौड़ा- दौड़ाकर पीटा। वर्दी भी फाड़ दी, हमले में एक अफसर का सिर फूट गया और वन रक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)